2025 अलविदा

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

2026 स्वागत

■ रायपुर,गुरुवार 1 जनवरी 2026 ■ पौष शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-273 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 2 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये






## नववर्ष पर भक्त भगवान की शरण में,मंदिरों में उमड़ी भीड़

**रायपुर,1 जनवरी।** नववर्ष के अवसर पर आज राजधानी सहित प्रदेश भर के देवालयों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोग नए साल की मंगलकामना के लिए मंदिरों में भी पहुंच रहे हैं। रायपुर के महामाया मंदिर, कालीमंदिर, शीतला मंदिर, राममंदिर,बालाजी मंदिर सहित सभी देवालयों में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। रतनपुर स्थित मां महामाया श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। रायपुर के गणेश मंदिर, मां महामाया मंदिर में सुबह से भक्तों की लाइन लगी हुई है। दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे हैं। इसके अलावा डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, रायपुर के राम मंदिर में नए साल पर 4 लाख से ज्यादा भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। बागबाहरा के चंडी मंदिर, अंबिकापुर के महामाया मंदिर भी श्रद्धालुओं से गुलजार हैं। खास बात यह है कि घुंचापाली चंडी माता मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यहां दर्शन के लिए आने वाले भालुओं को लेकर भी यह मंदिर विशेष रूप से प्रसिद्ध है। इसके साथ ही रायगढ़ के सत्यनारायण बाबा धाम, गौरी शंकर मंदिर, बूढ़ी माई मंदिर, अंबिकापुर और बलरामपुर में मां महामाया मंदिर हजारों भक्तों की भीड़ लगी हुई है।

## नये वर्ष के जश्न के दौरान होटल में मारपीट

**रायपुर,1 जनवरी।** नये वर्ष के जश्न के बीच में कोर्टयार्ड बाय मैरियट होटल में कारोबारियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। शराब के नशे में कारोबारियों ने लात-घूंसे, बेल्ट से एक दूसरे को जमकर पीटा। इस दौरान लड़कियां बचाते नजर आईं। मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।इसके साथ ही रायपुर के अलग-अलग होटलों और क्लबों न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया गया है। बिलासपुर-दुर्ग में भी थर्टी फर्स्ट की रात शहर के होटलों और रेस्तरां में जमकर धमाल हुआ। युवा DJ की धुन पर डांस करते रहे। नए साल के स्वागत को लेकर रायपुर के वीआईपी रोड स्थित क्लबों और पबों में सबसे ज्यादा रौनक देखने को मिली। प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन नहीं हुआ। होटल, रेस्तरां और फार्म हाउस में रात 10:30 बजे के बाद भी डीजे बजते रहे। हांलाकि 26 जगहों पर करीब 500 की संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं जश्न के बीच गुढियारी में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। नए साल की रात बिलासपुर शहर के होटलों और रेस्तराओं में जोरदार उत्सव देखने को मिला। युवा और पारिवारिक समूह सामूहिक रूप से पहुंचे। शहर के प्रमुख होटल और रेस्टोरेंट में लाइव म्यूजिक, डीजे नाइट और स्पेशल न्यू ईयर मेन्यू के साथ ग्राहकों का स्वागत कर रहे थे।

## नए साल पर स्विट्ज़रलैंड के लग्जरी बार में भीषण धमाका, कई लोगों की मौत की आशंका

**क्रैंस-मोंटाना,1 जनवरी।** पुलिस ने बताया कि गुरुवार तड़के क्रैंस-मोंटाना के स्की रिज़ॉर्ट शहर में एक जानलेवा धमाके में कई लोग मारे गए और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि यह धमाका, जिससे आग भी लगी, एक लग्ज़री अल्पाइन स्की रिज़ॉर्ट के अंदर एक बार में हुआ। स्विट्जरलैंड में नए साल की पूर्व संध्या पर एक लग्जरी बार में हुए धमाके के बाद लगी भीषण आग में कई लोग मारे गए हैं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, क्रान्स-मोंटाना के स्की रिसॉर्ट शहर में ले कॉन्स्टेलेशन बार एंड लाउंज में हुए इस धमाके में कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार तड़के क्रैंस-मोंटाना के स्की रिज़ॉर्ट शहर में एक जानलेवा धमाके में कई लोग मारे गए और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि यह धमाका, जिससे आग भी लगी, एक लग्ज़री अल्पाइन स्की रिज़ॉर्ट के अंदर एक बार में हुआ। क्रैंस-मोंटाना पर्यटकों, खासकर ब्रिटिश नागरिकों के बीच काफी मशहूर है, और यह स्विट्जरलैंड के सिएरे ज़िले में स्थित है, जो राजधानी बर्न से लगभग दो घंटे की दूरी पर है। यह धमाका ऐसे समय हुआ जब लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए क्रैंस-मोंटाना में इकट्ठा हुए थे। स्विट्जरलैंड पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, धमाके की सूचना सुबह करीब 1.30 बजे (स्थानीय समय) ले कॉन्स्टेलेशन बार में मिली, जो पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है और धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। दक्षिण-पश्चिमी स्विट्जरलैंड के वालिस कैंटन में पुलिस प्रवक्ता गैटन लैथियन ने कहा, "अज्ञात कारणों से धमाका हुआ है। कई लोग घायल हुए हैं, और कई लोगों की मौत हुई है।"मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, धमाका बार के बेसमेंट में हुआ, जिसमें लगभग 400 लोग आ सकते हैं। हालांकि अधिकारियों ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि इस घटना में कितने लोग मारे गए, लेकिन कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि मरने वालों की संख्या 2012 में स्विट्जरलैंड में हुए सिएरे कोच दुर्घटना जितनी हो सकती है.

## भारी वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**रायगढ़,1 जनवरी।** आज सुबह लगभग 10.30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब एक भारी वाहन ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में लोइंग निवासी बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया बताया जा रहा है कि जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुर्घटना के बाद पुलिस ने भारी वाहन को मौके से भगा दिया। इसको लेकर आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर उद्योगों का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए सड़क पर धरना शुरू कर दिया। धरने में पूर्व विधायक प्रकाश नायक, पार्षद आरिफ हुसैन सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण व स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह मार्ग भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित है, इसके बावजूद लगातार भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है। लोगों ने सवाल उठाया कि किसके संरक्षण में प्रतिबंध के बावजूद भारी वाहन इस मार्ग से गुजर रहे हैं।



## सड़क के अभाव में खाट पर शव ले जाने की मजबूरी

**सरगुजा,1जनवरी।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के एक दूरस्थ और पहुंचविहीन इलाके से एक बार फिर दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जो विकास और बुनियादी सुविधाओं की हकीकत बयां करती हैं। यहां एक आदिवासी परिवार को युवक के शव को खाट पर रखकर कांवड़ की तरह कंधों पर उठाकर कई किलोमीटर पैदल ले जाना पड़ा। गांव तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण शव वाहन वहां नहीं पहुंच सका। मजबूरी में परिजनों ने खुद ही शव को उठाया और मुख्य सड़क तक पहुंचे, ताकि पोस्टमार्टम कराया जा सके।

## आतंकवादरोधी अभियानों में योगदान के लिए आईपीएस अमरेश मिश्रा सम्मानित

**रायपुर,1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के ईओडब्ल्यू–एसीबी प्रमुख और रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा को आतंकवाद-रोधी अभियानों में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में आयोजित आतंकवाद निरोधी सम्मेलन के दौरान उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने किया था। सम्मेलन के मंच से एनआईए में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान अमरेश मिश्रा की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। आतंकवाद से जुड़े संवेदनशील मामलों की जांच, अंतर-एजेंसी समन्वय और ठोस कानूनी कार्यवाही में उनकी भूमिका निर्णायक रही। यही कारण है कि उनकी सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अमरेश मिश्रा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान एनआईए में रहकर कई हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच से जुड़े रहे। उन्हें उनकी कार्यशैली को लेकर पहले भी केंद्र सरकार की सराहना मिल चुकी है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस छत्तीसगढ़ लौटने के बाद अमरेश मिश्रा को रायपुर रेंज आईजी की जिम्मेदारी सौंपी गई.

### चंद सेकंड में सवाल का दिया जवाब, अमिताभ बच्चन और दर्शक रह गए हैरान

## बीजापुर में तैनात सीआरपीएफ निरीक्षक ने जीते एक करोड़

**मुंबई,1 जनवरी।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। शो को दूसरा करोड़पति मिल गया है। रांची के बिप्लव बिस्वास ने 1 करोड़ रुपये के सवाल का सही जवाब दिया है। बिप्लव ने चंद सेकंड में सवाल का जवाब दिया, जिससे सिर्फ अमिताभ बच्चन ही नहीं बल्कि शो देखने वाले दर्शक भी हैरान रह गए। बता दें कि बिप्लव सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर हैं और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पोस्टेड हैं। पहले फास्टेस्ट फिंगर राउंड जीतकर बिप्लब बिस्वास हॉटसीट पर बैठे। उन्होंने कहा कि वो शो शुरू करने से पहले अमिताभ बच्चन से गले मिलना चाहते हैं। बिग बी ने उन्हें गले लगाया। इस दौरान बिप्लव ने बताया कि कैसे वे जंगल में काम करते हुए सर्वाइव करते हैं। शो के दौरान उन्होंने अपने सहयोगियों के बलिदानों का भी जिक्र किया। गेम शुरू हुआ तो 5 लाख तक के सवालों का जवाब बिप्लव ने बिना हेल्पलाइन के दिया। 12.50



लाख के सवाल के लिए उन्होंने ऑडियंस पोल लिया और 25 लाख के सवाल पर लाइफलाइन संकेतसूचक का इस्तेमाल किया। 50 लाख के सवाल पर बिप्लव ने फिर से लाइफलाइन का इस्तेमाल किया, इस बार उन्होंने 50-50 चुना।इसके बाद बारी आई 1 करोड़ के सवाल की। बिप्लव ने 1 करोड़ का सवाल सुनते ही कहा कि मैं किसी का समय नहीं बर्बाद करूंगा। यहां और ऑप्शन डी चुना उनका जवाब सही था और कुछ सेकेंड्स में उन्होंने 1 करोड़ जीत लिया। सेकेंडों में जवाब देने से न सिर्फ अमिताभ बच्चन बल्कि वहां मौजूद ऑडियंस भी दंग रह गए। इसके साथ ही उन्हें एक कार भी मिली है। बिप्लव की ज्ञान और समझदारी से प्रभावित होकर अमिताभ बच्चन ने उन्हें अपने परिवार सहित घर पर डिनर के लिए आमंत्रित किया। सबसे रोमांचक पल तब आया जब 1 करोड़ रुपये का सवाल सामने आया। सवाल था – स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी को फ्रांस से अमेरिका ले जाने वाले जहाज का नाम क्या था? बिप्लव ने बिना एक पल गंवाए कहा, "मैं किसी का समय बर्बाद नहीं करना चाहता, मैं ऑप्शन D के साथ जाता हूं।" उनका जवाब 'इसेयर' सही निकला। सेकंडों में इतनी तेजी से जवाब देने पर अमिताभ बच्चन हैरान रह गए। बिप्लब ने बताया कि उन्हें जहाज के स्टीयरमैन का नाम भी याद है।

## भगवान राम से राहुल गांधी की तुलना हिंदुओं का घोर अपमान

**नई दिल्ली,1 जनवरी।** कांग्रेस नेता नाना पटोले द्वारा राहुल गांधी की तुलना भगवान राम से किए जाने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जिसे भाजपा ने हिंदू भावनाओं का घोर अपमान बताया है। भाजपा प्रवक्ता सीआर केसवन ने पटोले की टिप्पणी की निंदा करते हुए सवाल किया कि राहुल गांधी अभी तक अयोध्या राम मंदिर क्यों नहीं गए, जबकि पटोले ने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि राहुल भी भगवान राम की तरह न्याय के लिए लड़ रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता सीआर केशवन ने गुरुवार को महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक नाना पाटोले की लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी और भगवान राम की तुलना करने वाली टिप्पणी को हिंदू भावनाओं का घोर अपमान बताया। नाना पाटोले ने कहा कि राहुल गांधी "न्याय के लिए लड़ रहे हैं", ठीक वैसे ही जैसे भगवान राम ने पीड़ितों के लिए काम किया। एक पोस्ट में भाजपा नेता ने नाना पाटोले से पूछा कि राहुल गांधी ने अभी तक अयोध्या राम मंदिर का दर्शन क्यों नहीं किया है।

## संक्षिप्त-समाचार

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 111 रुपये मंहगा

**नई दिल्ली,1 जनवरी।** साल 2026 की शुरुआत के साथ ही महंगाई ने आम लोगों और कारोबारियों को झटका दिया है। 1 जनवरी 2026 से सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है, हालांकि राहत की बात यह है कि यह बढ़ोतरी सिर्फ कॉमर्शियल गैस सिलेंडर (19 किलो) तक सीमित रखी गई है, जबकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलो) के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेल विपणन कंपनियों ने कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में करीब 111 रुपये (लगभग 7 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में 19 किलो का कॉमर्शियल सिलेंडर अब 1,691.50 रुपये का हो गया है, जो जून 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले दिसंबर 2025 में इसकी कीमत 1,580.50 रुपये थी। कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल होटल, रेस्त्रां, ढाबों और अन्य व्यावसायिक कार्यों में होता है, ऐसे में कीमत बढ़ने से खाने-पीने के कारोबार पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 8 अप्रैल 2025 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं को फिलहाल राहत मिली है।

### रेलवे स्टेशन से चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

**दुर्ग,1 जनवरी।** पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के द्वारा 30 दिसंबर को सशक्त ऐप का पब्लिक मॉड्यूल को आम नागरिकों के लॉच किया गया था, जिसमें आज दिनांक को दुर्ग पुलिस द्वारा आम नागरिक के सहभागिता के साथ उनको सशक्त ऐप डाउनलोड करने ओर जागरूक करने की दिशा में रेलवे स्टेशन दुर्ग क्षेत्र में सशक्त ऐप के माध्यम से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न थानों में पंजीबद्ध मामलों से संबंधित दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। जिसमें एक वाहन थाना दुर्ग से तथा दूसरी जिला मुंगेली से चोरी होना पाया गया, जिसको बरामद किया गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में उपस्थित पार्किंग संचालकों एवं ऑटो रिक्शा चालकों को "सशक्त एप्लिकेशन" के उपयोग की जानकारी दी गई तथा चोरी के वाहनों की पहचान, सूचना देने एवं पुलिस से त्वरित समन्वय की प्रक्रिया समझाई गई। यह सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में की गई।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाया, पास्टर और उसकी पत्नी भी गिरफ्तार

**सूरजपुर,1 जनवरी।** नाबालिग का अपहरण के मामले में मुख्य आरोपी के साथ मदद करने वाले पास्टर और उसकी पत्नी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मामले में प्रतापपुर थाना में बीएनएस 2023 की धारा 137(2) और 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कार्रवाई की है. प्रार्थी द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट के अनुसार, उसकी नाबालिग बेटी क्रिसमस के अवसर पर पास्टर के निवास गए थे. सुबह तक बेटी के वापस नहीं आने पर आस-पास जानकारी ली. इसके बाद आरोपी राजेश कुमार विश्वकर्मा उर्फ खैरू का फोन आया कि वह उसकी बेटी को ले गया है, और अपने पास ही रखेगा. इस कार्य में पास्टर राम खिलावन और उसकी पत्नी सुनीता ने मदद की है.

# नौतनवा-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को लेकर विधायक रिकेश ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई, 1 जनवरी।** दुर्ग-गोरखपुर-नौतनवा एक्सप्रेस के समय परिवर्तन, नियमित परिचालन तथा गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस के मार्ग विस्तार को लेकर विधायक रिकेश सेन ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। उन्होंने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए दोनों ट्रेनों के संचालन में आवश्यक सुधार की मांग की है। विधायक सेन ने पत्र में उल्लेख किया है कि उत्तर प्रदेश, पूर्वांचल, बिहार एवं उत्तराखंड के लाखों नागरिक छत्तीसगढ़ के भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवास करते हैं, जो अपने गृह जनपद जाने के लिए नौतनवा और गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में दुर्ग से नौतनवा एक्सप्रेस सप्ताह में मात्र दो दिन ही संचालित होती है, जिससे यात्रियों को टिकट मिलने में भारी परेशानी होती है। सीमित दिनों के कारण अत्यधिक भीड़ रहती है और अनेक यात्रियों को यात्रा से वंचित होना पड़ता है। अतः इस ट्रेन को नियमित रूप से चलाया जाना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान समय-सारणी के अनुसार नौतनवा एक्सप्रेस दुर्ग से शाम 7-40 बजे रवाना होकर अगले दिन बनारस पहुंचती है तथा इसके बाद मऊ, बेल्थरा रोड, सलेमपुर, भटनी होते हुए रात्रि में गोरखपुर व नौतनवा पहुंचती है। देर रात पहुंचने के कारण यात्रियों को आगे जाने के लिए साधन नहीं मिल पाते और उन्हें स्टेशन पर रुकना पड़ता है। यदि यह ट्रेन दुर्ग से सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे के बीच रवाना की जाए तो यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।विधायक सेन ने यह भी बताया कि वर्तमान में दुर्ग से सिवान के लिए कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस वर्तमान में बलिया-छपरा मार्ग से प्रतिदिन संचालित होती है। यदि इसे सप्ताह में कम से कम तीन दिन मऊ-बेल्थरा रोड-सलेमपुर-भटनी-सिवान-छपरा मार्ग से चलाया जाए तो सिवान व गोपालगंज जाने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि नौतनवा एवं गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस के अप-डाउन दोनों दिशाओं में भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर ठहराव दिया जाए। वापसी के समय पावर हाउस और सुपेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में यात्रियों के उतरने के कारण अक्सर चेन पुलिंग की स्थिति बनती है, जिसे स्टॉपेज देकर रोका जा सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दुर्ग से सारनाथ एक्सप्रेस के प्रतिदिन संचालन के बावजूद यात्रियों का दबाव बना रहता है। यदि नौतनवा एक्सप्रेस को भी प्रतिदिन सुबह के समय चलाया जाए तो यात्रियों का भार संतुलित होगा। विधायक रिकेश सेन ने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि वर्षों से लंबित इन मांगों को शीघ्र स्वीकृति दी जाए, जिससे छत्तीसगढ़ सहित उत्तर प्रदेश, बिहार एवं उत्तराखंड के लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिल सके।

## मड़ई उत्सव में संत कबीर कृषि महाविद्यालय कवर्धा के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 1 जनवरी।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में दिनांक 26 से 29 दिसंबर 2025 तक विश्वविद्यालयीन स्तर का मड़ई उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त 31 कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर कवर्धा स्थित संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के 25 विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने माइम एवं स्किट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, कार्टून मेकिंग में प्रथम स्थान, देशभक्ति गीत में तृतीय स्थान, इलोक्यूशन में तृतीय स्थान, आदिवासी नृत्य में चतुर्थ स्थान तथा ऑन द स्पॉट पेंटिंग में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त थियेटर राउंड में संत कबीर कृषि महाविद्यालय की टीम ने समग्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम किया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कल्चरल प्रभारी श्री रविशंकर नाग, टीम प्रबंधक श्री उत्तम बारीक, डॉ. माधवी खिलाड़ी सहित कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं मार्गदर्शन का परिणाम है।

# दुर्ग क्षेत्र के 65 लोगों के घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 जनवरी।** नववर्ष 2026 की शुरुआत दुर्ग रीजन के बिजली उपभोक्ताओं के लिए तकनीकी सुविधा और पारदर्शिता की नई सौगात लेकर आई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) दुर्ग क्षेत्र द्वारा 65 प्रतिशत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही उपभोक्ता अब अपनी बिजली खपत का सटीक और रियल-टाइम विवरण प्राप्त कर सकेंगे। दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिलों में कुल लगभग 9 लाख 80 हजार उपभोक्ता हैं, जिनमें से 5 लाख 71 हजार से अधिक घरों में स्मार्ट मीटर सफलतापूर्वक लगाए जा चुके हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि तीनों जिलों के अधिकांश उपभोक्ता अब आधुनिक बिजली व्यवस्था से जुड़ चुके हैं। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता हर आधे घंटे की बिजली खपत का विवरण देख सकेंगे, जिससे ऊर्जा की बचत और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। सीएसपीडीसीएल के अनुसार दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत– भिलाई शहर पश्चिम 62,075, भिलाई पूर्व 48,968, दुर्ग शहर 59,244, बालोद = 1,03,696, दुर्ग ग्रामीण 73,058, बेमेतरा 53,556, साजा 52,131, अहिवारा 53,196, पाटन 65,152, कंपनी ने बताया कि जहां-जहां स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां बिलिंग एवं रीडिंग पूरी तरह सटीक और समयबद्ध हो रही है। अब उपभोक्ताओं को मीटर रीडर की प्रतीक्षा नहीं करनी होगी, क्योंकि रीडिंग सीधे विभाग तक पहुंच जाएगी। स्मार्ट मीटर के प्रीपेड सिस्टम लागू होने पर सुरक्षा निधि (सिक्योरिटी डिपॉजिट) जमा करने की आवश्यकता भी समाप्त हो जाएगी। इसके अलावा, उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन पर बिजली खपत का पूरा विवरण देख सकेंगे। भविष्य में 10 किलोवाट से अधिक लोड वाले उपभोक्ताओं को टीओडी (ञ्जद्बद्व श्द्घ ष्ठड्4) टैरिफ के अंतर्गत बिलिंग की सुविधा मिलेगी, जिससे कम दरों पर बिजली उपयोग का लाभ मिलेगा। यह परियोजना भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) नियम 2020, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के मीटरिंग कोड तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों के अनुरूप आरडीएसएस योजना अंतर्गत संचालित की जा रही है।

## नशीली टेबलेट सहित 3 युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 1 जनवरी।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के नशे की दवाइयों को बेचने के लिए ग्राहक तलाशते तीन युवकों को कुम्हारी पुलिस ने पकड़ा है उनके कब्जे से 50 नग अल्प्राजोलम टेबलेट एवं 240 नग कैप्सूल प्रॉक्सीलम स्पास को जब्त किया है पुलिस ने मामले में धारा 20 (बी), 8 (सी), 27(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकर ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम रामपुर चोरहा पानी टकी के पास अहिवारा रोड में 3 अज्ञात आरोपी अवैध प्रतिबंधात्मक दवाइयों को बेचने ग्राहक की तलाश कर रहा है सूचना पर कुम्हारी थाने पुलिस संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया संदेहियों से पूछताछ करने पर अपना नाम मोहम्मद इकबाल (40 साल) निवासी डीएमसी तालाब कुम्हारी, ब्रिजेश कुमार पासवान (27 साल) निवासी रावतपुरा कॉलोनी भाठागांव एवं मोहम्मद नजरे आलम ( 38 साल) रायपुर बताया आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 50 नग अल्प्राजोलम टेबलेट एवं 240 नग कैप्सूल प्रॉक्सीलम स्पास जब्त किया है।



## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने नशा मुक्ति का संदेश दिया

**कवर्धा,1 जनवरी।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने नशा मुक्त भारत अभियान की तारीफ करते हुए कहा की सभी युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए । शराब ज्यादा पीने से लीवर , फेफड़ा खराब होने की संभावना रहती है इसीलिए शराब कभी ना पिए । शराब पीकर गाड़ी भी ना चलाए । नया साल मीठा खाकर मनाए और नशा से दूर रहे ।



## एक नजर

### म्यूल एकाउंट मामला,मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई,1 जनवरी।** भिलाई पुलिस ने म्यूल एकाउंट वाले एक गैंग को पकड़ा है गिरोह के सदस्य 20 हजार रुपए में एक खाता खरीदते फिर उस खाते का इस्तेमाल आनलाइन सट्टा और साइबर फ्राड में उपयोग करते थे पुलिस ने मुख्य आरोपी को दुर्ग बस स्टैड से दबोचा है जो महाराष्ट्र भागने की फिराक में थे। पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 78 एटीएम क्रेडिट कार्ड 21 चेकबुक 18 पासबुक एवं 16 अलग-अलग कंपनी के सीम कार्ड को जब्त किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर ने बताया कि थाना पद्मनाभपुर में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके मोबाइल दुकान में अमित मिश्रा निवासी हास्पिटल सेक्टर का मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था उससे बोरसी दुर्ग का लोकेश जाधव उर्फ लक्की मिलने आया.जाया करता था अमित मिश्रा ने लोकेश जाधव का प्रार्थी का परिचय कराया था। कुछ महीने पहले लोकेश प्रार्थी के दुकान आया और बोला कि उसके भाई टवन का बाहर से पैसा आने वाला है। उसके पास अभी कोई बैंक एकाउंट नहीं है उसने उसके बैंक एकाउन्ट के बदले में 20 हजार रुपए का प्रलोभन दिया। प्रलोभन में आकर प्रार्थी ने एक्सिस बैंक महाराजा चौक ब्रांच का खाता एवं आईडीबीआई बैंक कुम्हारी ब्रांच का खाता बोरसी में जाकर आरोपी लोकेश जाधव को दिया था। कुछ दिनों के बाद प्रार्थी का आईडीबीआई बैंक कुम्हारी ब्रांच का खाता जब फ्रिज हो गया है तब प्रार्थी को शक हुआ और लिखित आवेदन दिया थाना पद्मनाभपुर में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की पुलिस मुख्य आरोपी लोकेश जाधव की तलाश की जा रही थी। लोकेश बस से कल्याण महाराष्ट्र भागने की फिराक में था उसे दुर्ग बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से अन्य व्यक्तियों के 33 एटीएम व केडिट कार्डए 15 चेक बुकए9 पासबुक व 12 सिम कार्ड बरामद हुए पूछताछ करने पर वह बताया कि म्युल अकाउन्ट सप्लाई का काम अपने बड़े भाई टवन कुमार जाधव के साथ मिलकर करता है आरोपी की निशानेदही पर टवन कुमार जाधव के घर प्रगति मैदान बोरसी में दबिश दी। घर की तलाशी लेने पर अन्य व्यक्तियों के 28 एटीएम व केडिट कार्डए 8 चेकबुकए8 पासबुक और 4 सिम कार्ड बरामद हुए टवन जाधव से पूछताछ मे बैंक अकाउन्ट का सप्लाई कुछ अन्य व्यक्तियों से मिलकर करना स्वीकार किया। इसी कम में पुलिस ने तीन अन्य आरोपी विनय सिंग सेगरए राजु गायकवाड और अमित मिश्र को गिरफ्तार किया गय पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना पद्मनाभपुर में धारा 317 4, 319.2, 61, 42,2, 42.3 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

**भिलाई।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र के अज्ञात व्यक्ति की रेलवे टैक 32 बंगला के सामने ट्रेन से कटकर मौत हो गई मृतक की उम्र 35 से 37 वर्ष के आसपास है । मृतक ब्राउन कलर का हुडी एवं काला जींस पहना है बाल काली दाढ़ी मूंछ है फिलहाल भिलाई नगर थाने पुलिस मर्ग कायम कर शव को मरच्यरी में रखवा दिया है ।

### ऋण की अदायगी करने वाले दिव्यांगजनों का किया गया सम्मान

**कांकेर,1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम रायपुर के अध्यक्ष लोकेश कांवड़िया नें कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के साथ छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर निगम से प्राप्त दिव्यांगजन स्वरोजगार ऋण योजना के हितग्राही जिनका ऋण अदायगी पूर्ण हो गई है, उनका सम्मान किया गया।

# महात्मा गांधी विश्व विश्वविद्यालय में खेल सम्मेलन का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,1 जनवरी।** दुर्ग जिला अंतर्गत महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं उनकी विश्वविद्यालय सांकरा पाटन में विश्व विश्वविद्यालय खेल सम्मेलन 2025/26 का आयोजन हर्ष उल्लास के साथ किया है। प्रतियोगिता 02 जनवरी तक चलेगा।जिसका शुभारंभ आज 31 दिसंबर को दुर्ग लोकसभा के लोकप्रिय सांसद विजय बघेल के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ।सर्व प्रथम सम्मानित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर द्वीप प्रज्वलित कर अंतर क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगित का शुभारंभ किया गया। आपको बता दें अतिथियों की उपस्थिति में सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। बच्चों के द्वारा सलामी दी गई।इस गौरवपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल सांसद दुर्ग। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलीप वासनिकर सेवानिवृत आईएएस आयुक्त विभागीय जांच छत्तीसगढ़ शासन, रवि सिंगौर सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर,मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर,नहर पालिका अध्यक्ष दयानन्द सोनकर,पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर रहे।कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रो. आर आर सक्सेना कुलपति महात्मा गांधी उद्यान की एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग ने किया।स्वागत सम्मान डॉक्टर सेवन दास खूंटे कीड़ा आधिकारी ,डॉ अमित दीक्षित अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ नारायन साहू और डॉ सोनल तिवारी ने किया।सासंद ने खेल सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भी एक खिलाड़ी रहा हूं सब बच्चे खेल भावना से खेले। खेलो इंडिया माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का विजन है। अभी हाल में सासंद खेल महोत्सव का आयोजन गांव से लेकर विधान स्तर तक किया गया है।इस अवसर पर महामंत्री कैलास यादव, सरपंच मोहन लोधी, राजू सोनकर,तुला राम सिंगौर, छोटू राम यादव, प्रदीप लोधी, विकेक कौशिक, हितेश साहू,पुनीत पटेल, तिहारू बघेल कामता प्रसाद सिंगौर, मुकुंद विश्वकर्मा सहित विश्व विद्यालय के सामस्त स्टॉप मौजुद रहे।

### आयुक्त एवं सभापति ने सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित कर विदाई दी

**दुर्ग,1 जनवरी।** नगर पालिक निगम। सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारीयो का बिदाई समारोह 31 दिसम्बर 2025 मंगलवार को आयुक्त सुमित अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यपालन अभियंता आरके जैन,सहायक शिक्षिका श्रीमति विश्वमोहनी देवांगन,सहायक राजस्व निरीक्षक सुरेश श्रीवास्तव और सफाई कामगार श्रीमति मुखिया बाई के सेवानिवृत्त होने पर पुष्पमाला, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों से कहा कि सेवा के दौरान किस प्रकार से हम अपनी दिनचर्या पर व्यस्त रहते है

## पुण्यतिथि पर पं. रविशंकर शुक्ल को दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाई, 1 जनवरी।** अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, दूरदर्शी राजनेता एवं जननेता पंडित रविशंकर शुक्ल की 68वीं पुण्यतिथि पर इस्पात नगरी सेक्टर.9 स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर प्रातः 10 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई बिरादरीए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोराए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकरए पूर्व महापौर सुश्री नीता लोधीए कांग्रेस सेवा दल प्रभारी जेआर साहू, पूर्व पार्षद प्रभुनाथ मिश्रा, एचएससीएल की पूर्व उप महाप्रबंधक कार्मिक एवं शुक्ल परिवार की सदस्य श्रीमती मायारानी शुक्ल, भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच से जयेश कुमार शुक्लए स्वदेश शुक्लए घटोत्कच शुक्ल, अरुण चौबेए अनिल पांडेय, दलजीत सिंह, आरडी कोरी, श्रीमती मनीषा तिवारी, , सौमित्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पं, रविशंकर शुक्ल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ और अविभाजित मध्यप्रदेश के विकास की मजबूत नींव रखी। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा जिसने देश के औद्योगिक विकास को नई दिशा दी। वक्ताओं ने कहा कि भिलाई जिसे लघु भारत कहा जाता है आज देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और देश की प्रमुख परियोजनाओं चिनाब ब्रिज से लेकर रक्षा क्षेत्र तक भिलाई के इस्पात का उपयोग हो रहा है।

## मैत्री बाग में नई फूड कोर्ट सुविधाएं, पर्यटकों के अनुभव को मिलेगा नया आयाम




**भिलाई, 1 जनवरी।** पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्वच्छता मानकों को सुदृढ़ करने तथा समग्र मनोरंजन अनुभव को और अधिक समृद्ध बनाने की दिशा में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) प्रबंधन द्वारा मैत्री बाग में कई नई अधोसंरचनात्मक एवं सेवा संबंधी पहलें की जा रही हैं। क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय सार्वजनिक पर्यटन स्थलों में शामिल मैत्री बाग को और अधिक आकर्षक तथा सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। इन्हीं पहलों के अंतर्गत 1 जनवरी 2026 से प्रगति मीनार के सामने एक प्रमुख स्थान पर नई फूड कोर्ट सुविधा का शुभारंभ किया जाएगा। आगंतुकों को विविधता और सुविधा दोनों प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित इस फूड कोर्ट में चाउमीन, पनीर चिली, पास्ता, सैंडविच सहित कई लोकप्रिय व्यन्जन उपलब्ध कराए जाएंगे। भीड़ प्रबंधन को सुचारु रखने तथा त्वरित सेवा सुनिश्चित करने के लिए यहां कुल छह अलग-अलग फूड काउंटर स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मैत्री बाग के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप तथा जू प्रवेश के सामने भी नए फूड एवं सर्विस काउंटर लगाए गए हैं, जिससे पूरे परिसर में आगंतुकों की पहुंच और सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य स्वच्छ, सुव्यवस्थित और हाइजीनिक फूड आउटलेट्स विकसित करना है, ताकि पर्यटकों के लिए यह स्थल और अधिक आनंददायक बन सके। उल्लेखनीय है कि मैत्री बाग, समीपवर्ती जवाहर उद्यान के साथ मिलकर कुल 187 एकड़ के विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें से 147 एकड़ क्षेत्र केवल मैत्री बाग के अंतर्गत आता है। यहाँ पूर्व से ही नौकायन सुविधा, मिनी ट्रेन, विस्तृत हरित लॉन जैसी अनेक आकर्षक सुविधाएं प्रदान करता है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह उद्यान विविध प्रकार की वनस्पतियों और जीव-जंतुओं का भी आवास है, जहां शाकाहारी एवं मांसाहारी वन्य पशुओं की कई प्रजातियां मौजूद हैं। मैत्री बाग के उद्यानों के रखरखाव तथा पशु कल्याण की जिम्मेदारी भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों की एक समर्पित टीम द्वारा पूरी निष्ठा के साथ निभाई जाती रही है, जिससे स्वच्छता, संरक्षण और पशु देखभाल के उच्च मानकों को निरंतर बनाए रखा जा रहा है।

# महिला समाज ने किया जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरण




**भिलाई, 1 जनवरी।** लौह अयस्क समूहए दल्ली राजहरा के महिला समाज द्वारा सामाजिक कल्याणए मानवता एवं सेवा भावना के उद्देश्य से प्रति वर्ष शीत ऋतु में खदान क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में कंबल वितरण का कार्य किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 29 दिसम्बर को कड़ाके की ठंड को दृष्टिगत रखते हुए महिला समाज, दल्लीराजहरा द्वारा कलवर खदान के समीपस्थ ग्राम पंचायत झिटकाटोला के 150 जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल तथा कलवर खदान के प्रहरियों गार्ड को टॉर्च का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में असहायए बुजुर्गोंए महिलाओं एवं बच्चों को राहत पहुंचाना रहा। यह आयोजन मुख्य महाप्रबंधक ;खदानद्ध आरण् बीण् गहरवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती रेखा गहरवार रही तथा अध्यक्षता ग्राम पंचायत झिटकाटोला के सरपंच पति धनसिंह ध्रुव द्वारा की गई। इस अवसर पर महिला समाज की पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को कंबल वितरित किए। महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती रेखा गहरवार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज का दायित्व है कि वह जरूरतमंदों के दुःख में सहभागी बने और मानवीय संवेदनाओं के साथ सेवा कार्य करे। ग्राम पंचायत झिटकाटोला के सरपंच पति धनसिंह ध्रुव ने इस पहल की सराहना करते हुए महिला समाजए दल्ली राजहरा के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी घनश्याम पारकर ने किया व धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष महिला समाज श्रीमती प्रभा सिंह ने द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला समाज की उपाध्यक्षा श्रीमती शीला जयप्रकाश, सचिव श्रीमती मिनोती बस्के,सहसचिव श्रीमती आरती कापरेए श्रीमती उषा रामटेके, श्रीमती प्रतिमा सिंहए श्रम कल्याण अधिकारी संतराम साहू एवं घनश्याम पारकर, कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पांडेए माइनिंग मेट अमित कुमारए उपसरपंच रमेश सलाम, कलवर समिति के अध्यक्ष उत्तम सलाम सहित समिति के सदस्यगण, ग्रामवासी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाप्रबंधक अरुण कुमार, खान प्रबंधक प्रवीण कुमार राय तथा उप प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया का विशेष सहयोग रहा।

### ट्राइबोलॉजी (इंडिया ट्राईब) पर 13 वीं अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस आयोजित

**दुर्ग।** आईआईटी भिलाई में 14 से 16 दिसम्बर 2025 तक ट्राइबोलॉजी (इंडिया ट्राईब) पर तेरहवें अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन संयुक्त रूप से मैकेनिकल विभाग, आईआईटी भिलाई एवं ट्राईबोलोजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। इस कांफ्रेंस का विषय 'ट्राईबोलोजी फॉर मैनकाइंड' था। इस सम्मेलन में शिक्षा जगत और उद्योग जगत के ट्राइबोलॉजी के अग्रणी विशेषज्ञों द्वारा कई पूर्ण सत्र, भाषण और व्याख्यान दिए गए। छात्र शोधकर्ताओं ने भी मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने कार्यों का प्रदर्शन किया, जिससे उभरते हुए विद्वानों को अपने शोध को साझा करने का मंच मिला।

## समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसान संतोष ठाकुर बने आर्थिक रूप से सशक्त

**दुर्ग, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों के आर्थिक उत्थान और उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। शासन की किसान हितैषी योजनाओं और संवेदनशील निर्णयों ने खेती-किसानी को लाभ का सौदा बना दिया है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं दुर्ग जिले के ग्राम मर्रा के किसान श्री संतोष ठाकुर, जिन्होंने धान की बेहतर आय से न केवल अपना पक्का घर बनाया, बल्कि आधुनिक खेती की ओर भी कदम बढ़ाए हैं। किसान श्री संतोष ठाकुर के पास 6 एकड़ कृषि भूमि है। पहले आय सीमित होने के कारण पक्का घर बनाना एक बड़ा सपना था। लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी की व्यवस्था और प्रति क्विंटल ?3100 की सम्मानजनक राशि के माध्यम से मिलने वाले लाभ ने संतोष के आत्मविश्वास को बढ़ा दिया। उन्होंने इसी भरोसे पर घर निर्माण के लिए बैंक से लोन लिया कि वे अपनी फसल बेचकर इसे चुका सकेंगे।

संतोष बताते हैं कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर धान खरीदी की पारदर्शी प्रक्रिया और अंतर की राशि का सीधा लाभ उन्हें मिला। उन्होंने अपना धान बेचा और प्राप्त आय से घर के लिए लिए गए लोन की किश्तें समय पर चुका रहे हैं। संतोष कहते हैं, ÷आज मेरा अपना पक्का घर है और मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि कर्जा कैसे चुकाऊंगा, क्योंकि मेरे फसल की सही कीमत मुझे मिल रही है। शासन के सहयोग से संतोष अब पुराने ढर्रे को छोड़कर आधुनिक तरीके से खेती कर रहे हैं। खेती से बढ़ी हुई आय ने उन्हें अन्य बड़े खर्चों वाले कार्यों को हाथ में लेने का साहस दिया है। अब वे उन्नत खाद-बीज और मशीनों का उपयोग कर अपनी पैदावार बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं। श्री संतोष ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील और दूरदर्शी पहल ने प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बना दिया है।

# आईपीएल की तर्ज पर 10 जनवरी से शुरू हो रहा डीसीएल-5

■ हाई स्कूल मैदान में खेले जायेंगे मैच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 1 जनवरी।** डोंगरगढ़ क्रिकेट क्लब के द्वारा आगामी 10 जनवरी से पांचवा फ्लड लाइट डोंगरगढ़ सुपर लीग की शुरुआत की जा रही है। इसको लेकर मंगलवार को डोंगरगढ़ क्रिकेट क्लब के द्वारा ऑक्शन मिट कराया गया। जिसमें हर टीम के ऑनर व आईकॉन प्लेयर ने मिलकर अपनी पूरी टीम का चयन चीट सिस्टम के माध्यम से किया। यह ऑक्शन मिट मंगलवार को 12 बजे से शुरू होकर लगभग 6 से 7 घंटे तक चला। बता दें कि हर बार की तरह इस बार भी आयोजन समिति के द्वारा हर टीम को एक लाख के ही पॉइंट दिए गए थे। जिसमें उन्हें अपनी पूरी टीम तैयार करनी थी। वही बताया जाता है कि मंगलवार को इस मिट में 63 हजार पॉइंट के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में संदीप सिंह गहरवाल की बोली ताज़ ऐग्रो ने लगाई।



डीसीएल के पांचवें सीजन मे प्रथम इनाम के रूप 66666रूपये नगद व दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 44444 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

**10 टीमें ले रही हिस्सा :** डीसीएल-5के इस सीजन में प्रमुख रूप से, ताज एग्रो, एम सी जी, भगतसिंह फाइटर, , देशपाण्डे डायनामाईट, द कोर, शिवलिन बिल्डकोन, बजरंगी वारियस, ए आर पी इस्टाइकर, देसी योद्धा, मनन सुपर किंग, प्रमुख टीम में भाग ले रही हैं. इन 10 टीमों को दो पुलों में बांटा जाएगा. जिसमें हर टीम कम से कम चार मैच खेलेगी. उसके बाद अत्यधिक पॉइंट वाली चार टीमें आईपीएल के तर्ज पर सेमीफाइनल व फाइनल खेलेंगी. फाइनल 18 जनवरी को खेला जाएगा.

**हर दिन खेले जाएंगे तीन मैच:** नव दिनों तक चलने वाले इस फ्लड लाइट टूनामेंट में प्रतिदिन तीन मैच खेले जाएंगे। परंतु पहले दिन ओपन सेरेमनी के साथ दो मैच ही होंगे. वहीं पूरे मैच के लाइव स्कोरिंग क्रिक हीरो पर देखी जा सकती है। अत्यधिक पॉइंट वाली चार टीमें आईपीएल के तर्ज पर सेफ व फाइनल खेलेंगी. फाइनल 18 जनवरी को खेला जाएगा.

## समाचार संक्षेप

### वीर बाल दिवस सप्ताह पर हुआ विविध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर की शौर्य गाथा को प्रसारित करने की मंशा से 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर की समयावधि में विविध आयोजन किया गया।

जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित 10 स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिला महिला सशक्तिकरण की संयुक्त टीम के द्वारा मिशन वात्सल्य योजना महिलाओं एवं बालकों की मदद् के लिए आपात कालीन नम्बरों 1098, 181, 1091 की जानकारी विद्यालयीन छात्रों को प्रदान की गई।वीर बाल दिवस अयोजन की शौर्यगाथा से भी छात्रों को अवगत कराया कि किस प्रकार 1704 ई. में गुरू गोविन्द सिंह के वीर संतान साहेबजादा बाबा जोरावर सिंह एवं साहेबजादा बाबा फतेहसिंह ने 9 और 7 साल की अल्पायु होते हुए भी अपने धर्म के प्रति अड़िग श्रद्धा का प्रर्दशन करते धर्म परिवर्तन के बदले शहादत का रास्ता चुना एवं गुरू गोविंद सिंह के सामने ही उनके दोनों बच्चों को जिन्दा ही दीवार में चुनवा दिया गया। इन वीरों की शहादत को नमन करने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किये जाने वाले वीर बाल दिवस कार्यक्रम की जानकारी छात्रों को प्रदान की गई एवं राष्ट्रीय स्तर पर 2025 एवं 2024 से राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार से सम्मानित होने वाली छत्तीसगढ़ के दूरस्थ वंनाचल कोंडागांव की बेटियों योगिता मण्डावी एवं हेमवती नाग की जीवनी एवं संघर्ष के बारे में विद्यालयीन जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी दी गई।

वीर बाल दिवस थीम पर रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं भी विद्यालयों में आयोजित की गई। जिसमें विद्यालयीन छात्रों के द्वारा मनमोहक एवं संदेशप्रद रंगोली एवं चित्रकला तैयार किया गया। 30 से 31 दिसम्बर 2025 को आयोजित किये गये 10 विद्यालयीन जागरूकता कार्यक्रम में कुल 2100 विद्यालयीन छात्र सम्मिलित हुए।

## एक नजर

### कोहका गृह निर्माण कालोनी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

तिल्दा-नेवरा, 1 जनवरी। तिल्दा नेवरा स्थित हाउस गृह निर्माण मंडल ने विगत वर्ष से बनी कालोनी में अभी असुविधाओं का अभाव है कारण कालोनी निर्माण जरूर हो गई ओर लोग वर्षों से यहां निवास कर रहे है लेकिन मूल भूत आवश्यकता आज भी नहीं है यहां कालोनी के कई रास्ते है सामने ओपन जगह में 15वर्षों से कांप्लेक्स निर्माण तक नहीं है साफसफाई ओर अन्य दिक्कत है और सबसे महत्व पूर्ण पेयजल है बड़ी कालोनी में पानी की टंकी तक नहीं है। इसके बाद सरकार ने फिर से : कोहका नेवरा में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अटल विहार योजना के तहत 400 कॉलोनी बनाएगा, ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ कर दी है लेकिन पेयजल समस्या का कोई जिक्र नहीं है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा अटल विहार योजना के तहत कोहका नेवरा में 400 स्वतंत्र आवासीय भवनों का निर्माण प्रस्तावित है जिसे अलग-अलग तीन भागों में बांटा गया है जिसकी ऑनलाइन बुकिंग मंडल की वेबसाइट के माध्यम से की जा रही है बड़ी संख्या में हितग्राहियों के द्वारा भवन बुकिंग कराया जा रहा। बताया जाता है भूमि दलाल ओर जमीन दलालों द्वारा अनेक नामों से बुकिंग जारी है। ओर जिनके पास वास्तविक भवन नहीं है ऐसे लोग भी किस्मत आजमा रहे है। तिल्दा नेवरा औद्योगिक क्षेत्र बनने से आवास की अनेक निजी कालोनी और प्लाटिंग का कार्य तीव्र गति से जारी है खफ़्री सिनोधा कोटा भिभोरी बिलाडी सरो रा तुलसी परदा जैसे अनेक गावो के अलावा बेअसर सर्वे सहित तिल्दा से दस किलोमीटर दूरी पर अनेक कालोनियां निजी भी बन रही है। आने वाले वर्षों में तिल्दा नेवरा की आबादी दो गुना बढ़ सकती है।

### शिमला जैसी ठंड पड़ रही है नगरी में,अलाव ही सहारा

**नगरी, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के मध्य हिस्से में स्थित नगरी -सिहावा में कड़ाके की ठंड इन दिनो पड़ रहा है। इनका असर नगरी नगर पंचायत क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। रात्रि का तापमान न्यूनतम तापमान 10 -11 डिग्री तक पहुंच गये है।इन शीतलहर से बचने हेतु यहां के आम जनता नागरिक गण अलाव का सहारा लेते हुए। दिन में ठंड से थोड़ी राहत है। ठंड से बचने अलाव का सहारा लेते हुए कौशल प्रसाद साहू,डी एस ध्रुव, दीपक कुमार साहू, ईश्वरी ध्रुव, पार्वती बाई साहू,हिमेन्द्र कोसरिया,ममता कोसरिया, नागेंद्र साहू,टीया साहू व पोडीडिह से आए हुए अन्य अतिथिगण।प्रकृति ने नव वर्ष का स्वागत शीतलहर से कर रहे है।

### भूलसीडीह में मेडिकल कॉलेज के लिए आबंटित भूमि अतिक्रमणमुक्त

**कोरबा, 1 जनवरी।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशों के परिपालन में तहसीलदार भैसमा श्री के.के. लहरे एवं राजस्व टीम द्वारा ग्राम भूलसीडीह स्थित मेडिकल कॉलेज हेतु आबंटित पार्ट-2 की शासकीय भूमि में की गई कार्रवाई के तहत कुल 28.00 एकड़ भूमि में से 18.00 एकड़ रकबा सरपंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बेजा कब्जों से मुक्त कराया गया है।कार्रवाई के दौरान राजस्व अमले एवं ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता से भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु संरक्षित किया गया। जिला प्रशासन ने ग्राम भूलसीडीह के सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की है। कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा स्वीकृत सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## जिला पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की कार्रवाई

# तीन चालकों से वसूला गया 32 हजार जुर्माना

■ दो प्रकरण में अलग-अलग 10-10 हजार व एक अन्य प्रकरण में 12 हजार रुपए वसूला गया अर्थदंड

■ ब्रेथ एनालाइजर से थाना गिधपुरी व हथबंद में चेकिंग कर वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में थाना गिधपुरी एवं हथबंद में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 03 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा इन सभी 03 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें दिनांक 29 एवं 30.12.2025 को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10,000-10,000 अर्थदंड, 01 प्रकरण में 12, 000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 03 वाहन चालकों को कुल ?32, 000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## आबकारी विभाग ने जब्त की 25 लीटर महुआ शराब



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 जनवरी।** आबकारी आयुक्त आर संगीता के निर्देश के तारतम्य में कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने 25 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के. अनुसार चौकी सोनाखान के ग्राम बासिनपाली में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी मुकेश कुमार पिता रामदयाल ग्राम जोगीडीपा निवासी के कब्जे से 25 बल्क लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। हाथभठ्ठी कच्ची महुआ शराब का बाजार मूल्य 5, 000 रुपये का होना पाया। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क), प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, नगर सैनिक राजकुमारी पैंकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पेंशनर संघ ने नए वर्ष में किया सुंदरकांड के सस्वर पाठ का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के पेंशनर साथियों की कर्मचारी भवन तिल्दा में नियमित मासिक बैठक सम्पन्न हुई।छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के महासचिव अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि इस बैठक में नये वर्ष की आगाज के लिए रामचरितमानस गान के सुंदरकांड का सस्वर गान का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस भवन में बैठक व्यवस्था के लिए कुर्सी खरीदने के लिए आपस में चंदा करके 50 कुर्सियों की व्यवस्था की गई है जिसके लिए छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडेय ने समस्त दानदाता साथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर बोलते हुए श्रीपांडेयजी ने कहा कि नये साल के स्वागत भगवत भजन पूजन से होनी चाहिए यही हमारी संस्कृति है।

सुंदरकांड में हनुमानजी की भूमिका का सुंदर और ओजस्वी बखान करके जवाहरलाल सिरमौर और रघुनंदन लाल शांडिल्य ने सबका मन मोह लिया।दिसंबर माह में जिन साथियों का जन्मदिन पड़ता है उन साथियों का गुलाल, फूल और मुंह मीठा करवाकर संघ के अध्यक्ष रामावतार पांडेय, संरक्षक जवाहरलाल सिरमौर, एस. एन. गुप्ता, कोषाध्यक्ष लेवन प्रसाद वर्मा, सहकोषाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने सम्मानित किया।

सम्मानित होने वाले साथियों में सर्व एस. के. पांडेय, पुनीतराम साहू, भूपेंद्र वर्मा, रघुनंदन लाल शांडिल्य, सुकालू राम यादव, कृष्ण मुरारी वर्मा, अभिमन्यु वर्मा और टोकेश्वर प्रसाद वर्मा शामिल थे।इस कार्यक्रम में सर्व उद्धव राम वर्मा, हरखराम वर्मा, बलीराम यादव, दानीराम वर्मा, यशवन्त कुमार वर्मा, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, मालिक राम साहू, तुलसीराम वर्मा, हेमन्त नायक, रुपा शाही, सुरेश कुमार शर्मा, टीकाराम वर्मा, भुनेश्वर प्रसाद वर्मा, फेकूराम वर्मा, हिन्छाराम निर्मलकर, प्रताप सिंह धुव, प्रेमलाल साहू, दिनेश कुमार साहू, एस. आर. नंदी, लेख राम कुंभकार, घनश्याम लाल वर्मा, खोडसराम वर्मा, दानीराम वर्मा, चिन्ता राम वर्मा, सरजू प्रसाद धिरहे, अर्जुन लाल वर्मा सहित और अनेक साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में 89 वर्षिय दिवंगत प्रधान अध्यापक झाडूराम वर्मा और लालूराम वर्मा जी तुलसी (नेवरा) के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## नपं अध्यक्ष ने किया गौशाला व वार्ड-1 में बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 1 जनवरी।** सिमगा नगर पालिका अध्यक्ष ने गौशाला व वार्ड क्रमांक 1 में बाउंड्री वॉल का भूमि पूजन किया नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने अपने पार्षदों के साथ सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में गौशाला एवं वार्ड क्रमांक 1 में बाउंड्री वॉल का भूमि पूजन किया भाटिया ने अपने निधि से 5 लाख रुपए का चुनाव से पहले घोषणा किया था जो आज सुबह लगभग 11:00 बजे भूमि पूजन किया जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर पार्षद याकूब भाई पार्षद दिल जानी गोलू पाटकर परदेसी सोनकर गौ सेवक गगन तिवारी विजय देवांगन आनंद कशेर मयंक पांडे व्यास नारायण गुप्ता वीरेंद्र जैन सक्षम ताम्रकार बैंजो ताम्रकार करण भाटिया आदि उपस्थित थे. इस गौशाला भूमि पूजन से नगर में गौ सेवकों में खुशी की लहर व्याप्त है वही अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने गौ सेवकों से अपील किया है की गौ माता के लिए कुछ कमी हो तो मुझे जरुर सूचना देना मुझे जो भी बनेगा हमेशा सहयोग करता रहूंगा.

## बारनवापारा अभयारण्य में मिला दुर्लभ ब्लैक-कैप्ड किंगफिशर

### छग में दूसरा व बारनवापारा अभयारण्य से पहला रिकॉर्ड दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 जनवरी।** जैव विविधता से भरपूर बार नावापारा अभयारण्य ने नया रिकार्ड दर्ज किया है। अभयरण्य में पहली बार दुर्लभ ब्लैक-कैप्ड किंगफिशर का अवलोकन दर्ज किया गया है। 29 दिसंबर 2025 की सुबह बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में बर्डर डॉ. दिलीप वर्मा द्वारा ब्लैक-कैप्ड किंगफिशर का दुर्लभ और महत्वपूर्ण अवलोकन दर्ज किया गया। यह इस प्रजाति का बारनवापारा से पहला प्रमाणित रिकॉर्ड है, जबकि पूरे छत्तीसगढ़ में यह दूसरा पुष्ट अवलोकन माना जा रहा है।डॉ. दिलीप वर्मा द्वारा किए गए इस अवलोकन को फील्ड फोटोग्राफिक साक्ष्यों के साथ विधिवत दस्तावेजीकृत किया गया है, जिससे इसकी वैज्ञानिक पुष्टि संभव हो सकी है। यह रिकॉर्ड भविष्य में पक्षी-विविधता के अध्ययन, संरक्षण योजना निर्माण तथा अभयारण्य प्रबंधन से जुड़े निर्णयों के लिए एक महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि ब्लैक-कैप्ड किंगफिशर सामान्यतः तटीय एवं मैंग्रोव क्षेत्रों से जुड़ी एक दुर्लभ पक्षी प्रजाति मानी जाती है। आंतरिक भू-भाग में स्थित बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य जैसे क्षेत्र में इसकी उपस्थिति यहाँ की पारिस्थितिक विविधता, जल-आधारित आवासों की उपलब्धता और अनुकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों को दर्शाती है। इससे पूर्व वर्ष 2024 में इस प्रजाति को कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान में क्रोकोडाइल सर्वे के दौरान दर्ज किया गया था जिसे छत्तीसगढ़ से पहला पुष्ट रिकॉर्ड माना गया था।



## बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला प्रशासन ने आयोजित किया प्रोजेक्ट अंतरिक्ष कार्यक्रम

# विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दी रॉकेट और उपग्रह तकनीक के बारे में जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 1 जनवरी।** तिल्दा-नेवरा स्थित बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में 31 दिसम्बर को जिला प्रशासन के रायपुर के तत्वाधान में प्रोजेक्ट अंतरिक्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, सौरभ जैन, डॉक्टर लक्ष्मण साहू, वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन सेंचुरी सीमेंट ऊच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठ के सेवानिवृत प्राचार्य एस .के .पांडे के उपस्थिति में आई डी वाय एम एफके वक्ता राजेश राजपूत और दुर्गेश कुमार के द्वारा प्रारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत राजेश राजपूत जी ने विद्यार्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की स्थापना, उसके प्रमुख केन्द्र, भारत की प्रमुख अंतरिक्ष उपलब्धियां जैसे एसएलवी3, एएसएलवी, पीएसएलवी, जीएसएलवी, ह्य3 और चंद्रयान मिशन के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित रॉकेट और उपग्रह तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी देना था। कार्यक्रम बहुत ही रोचक, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। रॉकेट लॉन्च कहां से करते हैं, रॉकेट में कितने चरण होते हैं, रॉकेट में कौन-कौन से ईंधन का उपयोग करते हैं। सैटेलाइट को अंतरिक्ष में ले जाने हेतु रॉकेट बनाए गए हैं। पहला रॉकेट एसएलवी 3 सैटेलाइट लॉन्च करने हेतु 1980 में बनाया गया था जिसमें ठोस ईंधन का उपयोग किया गया जो 20 किलोग्राम से 40 किलोग्राम तक के उपग्रह भेज सकता था। इसके बाद असली ए एस एलवी रॉकेट बना जिसमे भी ठोस ईंधन का उपयोग किया गया इसके पांच चरण थे जो 150किलोग्राम तक के उपग्रह भेज सकता था।इसके बाद पीएसएलवी राकेट बनाया गया जिसमे ठोस और तरल ईंधन थाऔर इसे कमाकऊ घोड़ा भी कहा जाता है अब एच आर एल एस एल वी रू मानव को ले जाने वाला पहला रॉकेट 2026 में बनाए जाने का मिशन है जिसका नाम गगनयान मिशन रखा गया है।

इसके तहत तरल ईंधन का उपयोग किया जाएगा।टीम द्वारा विद्यार्थियों को रॉकेट ट्यूब से बनाना बताया गया। साथ ही चंद्रयान मिशन के तहत रोवर और लोडर की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने अपने रॉकेट और अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से शांत किया। उक्त कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा नगर पालिका की वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा जी शाला विकास समिति के सदस्य डॉ लक्ष्मण साहू, तिल्दा नगर के भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष मंडल सौरभ जैन, विद्यालय के व्याख्याता खूबचंद कश्यप, नरेंद्र रात्रे, कांति बारा, कुसुम नाग, अल्का मिश्रा, सविता वर्मा, सुमन नेताम, खुशबू रामटेके, खिलेश्वर यदु, सुरेश कुमार सेन और मुकेश यदु उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में सेवानिवृत प्राचार्य एस.के .पांडे जी ने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित कर कहा कि हमारे नगर से कुछ दूरी पर स्थित सिलयारी गांव के हिन्दी माध्यम का विद्यार्थी गौतम सोनी जो की वर्तमान में इसरो में कार्यरत है। आप भी अच्छे तरह से पढ़ाई कर और अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से शिक्षकों से पूछ कर बहुत आगे बढ़े और अपना नाम रोशन करें। वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन ने विद्यार्थीयो से कहा कि आप सब बहुत खुशनसीब हैं क्योंकि हमारे जिला प्रशासन रायपुर के मुखिया डॉक्टर गौरव सिंह जी और जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर हिमांशु भारती जी ने आपके विद्यालय को इस प्रोजेक्ट अंतरिक्ष कार्यक्रम हेतु चयनित किया। मैं उनका हृदय से धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने इस अंचल के विद्यार्थियों हेतु ऐसा रोचक प्रेरणादाई कार्यक्रम रखा। आप सब इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए और इसी तरह आप भी अंतरिक्ष के क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों में जाकर पढ़ाई करें और अपना भविष्य उज्जवल बनवाएं। अंत में संस्था के प्राचार्य ने आयोजक टीमऔर समस्त अतिथियों का हृदय से आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन रायपुर की पहल से ही यह कार्यक्रम इस संस्था में हो पाया, जिसमें आपने रॉकेट और उपग्रह के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। आप भी उक्त क्षेत्र में जाकर अपना और विद्यालय के साथ-साथ प्रदेश का और माता-पिता का नाम रोशन करें।

ऐसा कई बार ऐसा होता है कि नेता को पता नहीं रहता है कि उसका लक्ष्य क्या है तो वह खुद कनफ्यूज रहता और उसके कारण पूरी पार्टी कनफ्यूज रहती है। किसी भी नेता के कनफ्यूज होने का पता उसके आचार विचार से चलता है। वह क्या कहता है, वह क्या करता है। इससे देश की जनता को पता चल जाता है कि यह नेता कितना कनफ्यूज है, नेता और उसकी पार्टी को सत्ता चाहिए तो उसे कहना चाहिए कि हमें सत्ता चाहिए। हमको सत्ता के लिए लिए चुनाव जीतना है। नेता को और पार्टी को सत्ता चाहिए और नेता कहे कि हमको सत्ता नहीं सत्य चाहिए तो ऐसी पार्टी व उसके नेता को जनता सत्ता क्यों देगी। वह खुद कह रहा है कि हमको सत्ता नहीं चाहिए। नेता जैसा चाहता है, जैसा सोचता है, जैसा करता है उसके आधार पर जनता उसका मूल्यांकन करती है और बता देती है उसका स्थान कहां पर है। कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी ऐसे ही नेता है। उनको अपना लक्ष्य मालूम नहीं है, वह जनता को बता नहीं पाते हैं,समझा नहीं पाते हैं कि वह चाहते क्या हैं।महीनों तक उनके लिए एसआईआर सबसे बड़ा मुद्दा रहा, वोट चोरी सबसे बड़ा मुद्दा

## कांग्रेस को जनता की आवाज बनने की जरूरत है...

रहा।पर जनता को समझा नहीं पाए कि वोट चोरी कैसे हुई है। जनता को कहीं लग नहीं रहा था कि उसका वोट कोई चोरी कर रहा है ओर राहुल गांधी कह रहे हैं कि जनता का वोट चोरी हो रहा है।वह मानकर चल रहे थे कि इस मुद्दे से वह बिहार चुनाव जीत जाएंगे लेकिन जनता ने साफ कर दिया कि वह किसी भी मुद्दे को बड़ा मान सकते हैं लेकिन वह जरूरी नहीं है कि जनता के लिए भी बड़ा मुद्दा हो।राहुल गांधी को आज तक नहीं मालूम कि चुनाव कैसे मुद्दों से जीता जाता है, वह किसी भी मुद्दे को चुनाव जीतने वाला मुद्दा मान लेते है और जनता उसे नकार देती है। कांग्रेस का स्थापना दिवस एक अहम दिन है कांग्रेस के लिए सोचने विचारने व कहने का और जनता को बताने का कि वह आने वाले दिनों में जनता के लिए क्या करने वाली है। राहुल गांधी बता रहे है कि कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं है वह भारत की आत्मा की आवाज है।अगर ऐसा होता तो जनता कांग्रेस के साथ होती। जनता तो कई चुनावों में कांग्रेस को बता रही है कि वह उसके साथ नहीं है क्योंकि कांग्रेस को देश की आत्मा नहीं देश की जनता की आवाज बनने की जरूरत है। कांग्रेस देश की जनता का आवाज जब तक थी तब जनता कांग्रेस के साथ थी। अब देश की जनता को ऐसा लगता नहीं है कि कांग्रेस यह समझ भी पा रही है कि जनता क्या चाहती कांग्रेस को पता है। कांग्रेस को पता होता कि जनता क्या चाहती है तो वह चुनाव के बाद चुनाव हारती क्यों। जनता को ऐसे राजनीतिक दल की जरूरत नहीं है जो जनता के लिए कुछ करना नहीं चाहता है।बस बाते बड़ी करना चाहता है। राहुल गांधी ने स्थापना दिवस के मौके पर कहा कि पार्टी हमेशा कमजोर,वंचित और मेहनतकश लोगों के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके लिए लड़ाई जारी रखेगी। यह राहुल गांधी का वहम है क्योंकि कांग्रेस जब तक गरीब,कमजोर के साथ खड़ी रही,गरीबी हटाने का वादा करती रही, तब तक गरीब व कमजोर आदमी भी उसके साथ खड़ा था, लेकिन बरसों सत्ता में रहने के बाद कांग्रेस ने गरीबी हटा नहीं पाई तो गरीब व कमजोर लोगों को लगा कि कांग्रेस कहती है, करती नहीं है, पीएम मोदी के रूप में उनको ऐसा नेता मिला जिसने गरीबों के कल्याण की बात कही और घर, पानी, बिजली, उपचार, शौचालय,गैस की सुविधा भी करोड़ों गरीबों को दी। तब देश के लोगों को लगा कि गरीबी इस तरह भी दूर की जा सकती है। गरीब को पीएम मोदी ने सुविधा दी है और यह उसके दिखता है मोदी ने क्या किया है उसके लिए।राहुल गांधी कहते है कि कांग्रेस गरीबों के साथ खड़ी रही है लेकिन गरीब आदमी को दिखता नहीं है कि कांग्रेस उसके साथ खड़ी है तो उसको क्या फायदा हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे स्थापना दिवस पर यह स्वीकार करते हैं कि कांग्रेस की शक्ति कम हुई है लेकिन वह यह स्वीकार नही कर रहे हैं कि कांग्रेस कमजोर हुई है, कांग्रेस चुनाव के बाद चुनाव हार रही है तो उसके लिए दोषी कौन है। वह खुद दोषी हैं तो उनको अध्यक्ष होने के नाते स्वीकार करना चाहिए कि उनके अध्यक्ष रहते कांग्रेस कमजोर हुई तो क्यों कमजोर हुई है, कांग्रेस उनके अध्यक्ष रहते चुनाव हारती जा रही है तो क्यों हारती जा रही है।

**नववर्ष**

# नए सपने, नई उम्मीदें

**डॉ सत्यवान सौरभ**

नया वर्ष केवल कैलेंडर की तारीख बदलने का नाम नहीं है। यह हमारे जीवन में एक ठहराव की तरह आता है—जहाँ हम पीछे मुड़कर देखते हैं, वर्तमान को समझते हैं और भविष्य की दिशा तय करते हैं। हर नया साल अपने साथ नई उम्मीदें, नए संकल्प और नई संभावनाएँ लेकर आता है। यह वह क्षण होता है जब मनुष्य अपने भीतर झांकता है और स्वयं से यह प्रश्न करता है कि बीता वर्ष कैसा रहा, मैंने क्या सीखा, क्या खोया और आगे मुझे क्या बनना है। आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में हम अक्सर भागते रहते हैं—लक्ष्यों के पीछे, जिम्मेदारियों के बोझ तले और अपेक्षाओं की दौड़ में। ऐसे में नया वर्ष हमें यह अवसर देता है कि हम थोड़ी देर रुकें, सांस लें और अपने जीवन की दिशा पर पुनर्विचार करें। यह आत्ममंथन ही नए सपनों की नींव बनता है।

### बीता वर्ष: सीखों की पाठशाला

हर बीता वर्ष हमारे लिए एक शिक्षक की तरह होता है। उसमें सुख भी होते हैं, दुःख भी; सफलता भी मिलती है और असफलताएँ भी। लेकिन असली प्रश्न यह नहीं कि हमारे साथ क्या हुआ, बल्कि यह है कि हमने उससे क्या सीखा। कई बार हम बीते साल को केवल घटनाओं के आधार पर आंकते हैं—किसे खोया, क्या पाया—पर सीखों को नजरअंदाज कर देते हैं। बीते वर्ष ने हमें धैर्य सिखाया होगा, किसी ने हमें आत्मनिर्भर बनाया होगा, तो किसी ने रिश्तों की अहमियत समझाई होगी। कुछ अनुभवों ने हमें मजबूत बनाया, तो कुछ ने हमें विनम्र। नया वर्ष तभी सार्थक बनता है जब हम इन सीखों को साथ लेकर आगे बढ़ते हैं, न कि केवल पुराने दुखों या शिकायतों को ढोते हुए।

### नए सपने: दिखावे नहीं, दिशा हो

नए साल की शुरुआत अक्सर बड़े-बड़े संकल्पों से होती है—यह करूंगा, वह बनूंगा, इतना हासिल करूंगा। लेकिन कुछ ही महीनों में ये संकल्प धुंधले पड़ने लगते हैं। इसका कारण यह है कि हमारे सपने कई बार दूसरों की अपेक्षाओं से प्रभावित होते हैं, न कि हमारे वास्तविक मन से निकले होते हैं। सपने वही सार्थक होते हैं जो हमारे मूल्यों से जुड़े हों। जो हमें भीतर से उत्साहित करें, न कि थका दें। नया वर्ष हमें यह सोचने का मौका देता है कि हमारे सपने दिखावे के हैं या दिशा देने वाले। क्या हम वही बनना चाहते हैं जो समाज चाहता है, या वह जो हमारी आत्मा चाहती है?

सपने छोटे भी हो सकते हैं—जैसे खुद को स्वस्थ रखना, परिवार को समय देना, या खुद के लिए थोड़ा वक्त निकालना। हर सपना बड़ा मंच या बड़ी पहचान नहीं मांगता; कई बार सबसे बड़ा सपना होता है—संतुलित और शांत जीवन।

### नई उम्मीदें: बाहरी नहीं, आंतरिक

उम्मीदें अक्सर हम दूसरों से जोड़ लेते हैं—कि कोई बदले, परिस्थितियाँ सुधरें, सिस्टम ठीक हो जाए। लेकिन नया वर्ष हमें यह याद दिलाता है कि




सबसे मजबूत उम्मीद वह होती है जो अपने भीतर से जन्म लेती है। जब हमें खुद पर भरोसा होता है, तब हालात चाहे जैसे हों, हम रास्ता निकाल लेते हैं।आंतरिक उम्मीद का अर्थ है—यह विश्वास कि मैं बदल सकता/सकती हूँ, मैं सीख सकता/सकती हूँ और मैं बेहतर बन सकता/सकती हूँ। यह उम्मीद हमें निराशा से बाहर निकालती है और असफलता के बाद भी खड़ा होने की ताकत देती है।

### खुद से रिश्ता: नए साल की सबसे बड़ी शुरुआत

नए साल में सबसे पहला रिश्ता जिसे सुधारने की ज़रूरत होती है, वह है—खुद से रिश्ता। हम दूसरों की गलतियों को तो तुरंत देख लेते हैं, लेकिन अपनी कमियों से अक्सर बचते रहते हैं। नया वर्ष आत्मस्वीकृति और आत्मसुधार का संतुलन सिखाता है। खुद से ईमानदारी का मतलब यह नहीं कि हम खुद को कठघरे में खड़ा करें, बल्कि यह कि हम अपनी सच्चाई को स्वीकार करें। अपनी सीमाओं को समझें, अपनी क्षमताओं को पहचानें और खुद के प्रति करुणा रखें। जब हम खुद को समझने लगते हैं, तब दुनिया से हमारी अपेक्षाएँ भी यथार्थवादी हो जाती हैं।

### रिश्ते: मात्रा नहीं, गुणवत्ता

नया वर्ष रिश्तों पर भी पुनर्विचार का समय होता है। आज के समय में संपर्क बहुत हैं, लेकिन संबंध कम। सोशल मीडिया ने हमें जोड़ा तो है, लेकिन दिलों की दूरी भी बढ़ाई है। नया साल यह सोचने का अवसर देता है कि हमारे जीवन में कौन से रिश्ते हमें ऊर्जा देते हैं और कौन से हमें थका देते हैं।हर रिश्ते को निभाना ज़रूरी नहीं, लेकिन हर रिश्ते को ईमानदारी से निभाना ज़रूरी है। कुछ रिश्तों को समय देना होता है, कुछ को सीमाएँ और कुछ को सम्मानपूर्वक विदा। नए साल में रिश्तों की सफाई भी उतनी ही ज़रूरी है जितनी अलमारी की।

### सफलता की नई परिभाषा

समाज ने सफलता की एक तय परिभाषा बना दी है—पैसा, पद और प्रतिष्ठा। लेकिन नया वर्ष हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या यही सफलता है? क्या वह व्यक्ति असफल है जो शांत है, संतुष्ट है और अपने मूल्यों पर खड़ा है?सफलता की नई परिभाषा में मानसिक शांति, आत्मसम्मान, स्वास्थ्य और संतुलन भी शामिल होना चाहिए। अगर हम दिन के अंत में चैन से सो पाते हैं, खुद पर गर्व महसूस करते हैं और किसी के साथ अन्याय नहीं करते—तो यह भी सफलता ही है।

### असफलता से दोस्ती

नए सपनों के साथ नई असफलताएँ भी आती हैं। लेकिन असफलता से डरना नहीं, उससे सीखना ज़रूरी है। हर असफलता हमें यह बताती है कि कौन सा रास्ता हमारे लिए नहीं है। नया वर्ष हमें यह साहस देता है कि हम फिर से कोशिश करें, बिना खुद को कमतर समझे। जो लोग असफलता से डरते हैं, वे अक्सर प्रयास ही नहीं करते। और जो प्रयास नहीं करते, वे कभी आगे नहीं बढ़ते। नया साल जोखिम लेने और सीखते हुए आगे बढ़ने का नाम है।

### समाज और जिम्मेदारी

नया वर्ष केवल व्यक्तिगत बदलाव का समय नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी का भी समय है। हम जिस समाज में रहते हैं, उसकी समस्याओं से हम अछूते नहीं रह सकते। छोटे-छोटे प्रयास—जैसे ईमानदारी, संवेदनशीलता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता—समाज को बेहतर बना सकते हैं। अगर हर व्यक्ति नए साल में केवल एक अच्छी आदत अपना ले—तो बदलाव अपने आप दिखने लगेगा।

### निष्कर्ष: नया साल, नया दृष्टिकोण

नया वर्ष कोई जादुई छड़ी नहीं है जो सब कुछ बदल दे। बदलाव तब आता है जब हम अपने सोचने का तरीका बदलते हैं। नए सपने, नई उम्मीदें तभी सार्थक हैं जब वे हमें बेहतर इंसान बनाएं—ज्यादा संवेदनशील, ज्यादा जिम्मेदार और ज्यादा सच्चा।आइए, इस नए वर्ष में हम यह संकल्प लें कि हम परिपूर्ण नहीं, लेकिन ईमानदार बनने की कोशिश करेंगे। हम सबसे आगे नहीं, लेकिन सही दिशा में चलने का प्रयास करेंगे। और जब साल के अंत में पीछे मुड़कर देखें, तो गर्व से कह सकें—हाँ, मैंने खुद के साथ ईमानदारी की।

यही है नूतन वर्ष का असली अर्थ—नए सपने, नई उम्मीदें और एक बेहतर 'मैं'।

## सू- दोकू क्र.276

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.275 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -276


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 275 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

## राशिफल

मेष राशि वालों आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आपका मन अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। रचनात्मक काम से आपको धन लाभ होगा।

वृष राशिः मिलेगी खुशखबरी, काम और परिवार दोनों में संतुलन आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। किसी सोचे हुए काम की शुरुआत आज करेंगे। बेटे को सफलता मिलने से खुशी का माहौल बनेगा। आपका दांपत्य जीवन सौहार्द से भरा रहेगा। आज किसी ख़ास रिश्तेदार से मिलेंगे। आय के नए स्रोत बनेंगे। डाइजेस्टिव सिस्टम की समस्या से आपको आराम मिलेगा।

मिथुन राशिः सफलता और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला दिन आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज दाम्पत्य जीवन के अनबन को दूर करने की कोशिश करेंगे, आपका एक छोटा सा प्रयास घरेलू जीवन अच्छा हो सकता है।

कर्क राशिः अनुकूल समय, संयम से मिलेगी बड़ी सफलता आज आपका काम मन मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी। अगर फैमिली में अनबन चल रही है, तो समझदारी और हंसमुख स्वभाव से माहौल शांत रखने की कोशिश करेंगे।

सिंह राशिः नए अवसर, लेकिन व्यवहार में रखें सावधानी आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आज बिजनेस में उत्साह के साथ आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन कर पाएंगे, आप से प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या करने वालों के दांत खट्टे होंगे।

कन्या राशिः मेहनत रंग लाएगी, हालात रहेंगे आपके पक्ष में आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। रुका हुआ काम फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। आज ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने के लिए ज्यादा फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। आज स्थितियां आपके फेवर में होंगी।

तुला राशिः खास दिन, कार्यक्षेत्र और परिवार में सुख

आज वर्कप्लेस पर आपको सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी, जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। पार्टनरशिप में बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन व्यापारिक मामलों को लेकर साझेदार से मीटिंग करेंगे। कपड़ा व्यापारियों को अधिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक राशिः लाभ और पदोन्नति के योग, लेकिन रखें गोपनीयता वृश्चिक राशि के लिए आज का दिन शुभ है। प्रशासनिक पद पर आसीन लोगों को पदोन्नति मिलने से खुशी होगी। अधूरे और साहसिक काम पूरा होने के योग बन रहे हैं। अधिक भरोसा करके किसी से अपनी बातें शेयर न करें। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में होंगे।

धनु राशिः जिम्मेदारियों और सफलता का संतुलित दिन आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। ससुराल पक्ष में मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। छात्रों की थोड़ी लापरवाही निराशा का पात्र बना सकती है, मेहनत जारी रखें।

मकर राशिः खुशियों और शुभ समाचारों की बारिश

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए दिन अनुकूल है। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कारोबार में रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। लोगों का विश्वास आप पर बना रहेगा।

कुम्भ राशिः जीवन में बदलाव, फैसले होंगे आपके हक में आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज अचानक होने वाली कुछ गतिविधियों पर नजर रखें। आप जो भी काम करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉजिटिव नजरिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे।


मीन राशिः शानदार दिन, समाधान और मुनाफे के योग मीन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी परेशानियों का समाधान ढूंढ लेंगे। किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। आपको व्यापार में मुनाफा हो सकता है।

**नववर्ष**

# समाधान, संकल्प और लोकतांत्रिक नवजागरण का उद्घोष हो

**ललित गर्ग**

नया साल 2026 अनेक आशाओं, अपेक्षाओं, उम्मीदों और संकल्पों के साथ हमारे सामने है। वर्ष 2025 जहाँ वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर इम्तिहान, अस्थिरता और इंतज़ार



का साल रहा, वहीं 2026 से शांति, खुशहाली और प्रगति की बहाली की संभावना बनती दिख रही है। बीते वर्ष की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि पुरानी समस्याओं के उत्तर पुराने तरीकों से नहीं मिल सकते। इसलिए 2026 में हमें बीते बस के सवालों के जवाब नए वक्त, नई सोच और नए विवेक में ढूंढने होंगे। यह वर्ष केवल कैलेंडर का बदलाव नहीं, बल्कि सोच, दृष्टि और प्राथमिकताओं के पुनर्निर्धारण का अवसर है। यह वर्ष समाधान, संकल्प और लोकतांत्रिक नवजागरण का उद्घोष बने, इसके लिये हमें तत्पर होना होगा, तैयारी करनी होगी।

दुनिया के मोर्चे पर देखें तो रूस-यूक्रेन और इज़राइल-फ़िलिस्तीन के युद्धों के अतिरिक्त भी कम-से-कम दस बड़े संघर्ष ऐसे हैं, जहाँ मानवता निरंतर घायल हो रही है। आतंकवाद, नस्ली विद्वेष, धार्मिक कट्टरता और सत्ता-लिप्सा ने इंसानी खून को सस्ता बना दिया है। वर्ष 2025 में यह रक्तपात थमा नहीं, पर नए साल में इन युद्धों, संघर्षों और आतंकवादी हरकतों से मुक्ति की आकांक्षा केवल भावनात्मक कामना नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिकता की अनिवार्यता बननी चाहिए। भारत, जिसने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश विश्व को दिया है, शांति और संवाद की इस वैश्विक पहल में एक बार फिर नैतिक नेतृत्व की भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते वर्ष में दुनिया को जता दिये है कि वे वैश्विक नेतृत्व करने एवं दुनिया को उन्नत बनाने की भूमिका निभाने में सक्षम है। भारत की अहिंसक सोच, सबको साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति एवं सकारात्मक मानवीय नजरिया दुनिया के लिये उपयोगी हो सकता है।

भारत के लिए 2026 कई अर्थों में निर्णायक वर्ष है। आंतरिक राजनीतिक चुनौतियाँ हों या वैश्विक दबाव, नए साल में हमें कड़वे और कभी-कभी हिंसक अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। इसके बावजूद बीते वर्षों की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शांति, अहिंसा, सौहार्द और सद्भावना के दीप जलाने का संकल्प दोहराएगा। प्रधानमंत्री का यह कथन विशेष अर्थ रखता है कि जहाँ 2025 सुधारों की बात अर्थात भारत के रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार रहने का वर्ष था, वहीं 2026 से 2047 तक का कालखंड भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की निर्णायक यात्रा है। यह यात्रा केवल आर्थिक आँकड़ों की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और लोकतांत्रिक सुदृढ़ता की भी है। विभिन्न क्षेत्रों में किये जाने वाले सुधारों को प्रभावी बनाने के लिये यह अनिवार्य है कि राजनीति की ही भांति नौकरशाही के प्रत्येक स्तर पर सुधार हो। यह ठीक है कि केन्द्र सरकार से जुड़ी उच्च स्तर की नौकरशाही में बीते वर्षों में व्यापक बदलाव हुए है, लेकिन निचले स्तर पर उसका तौर-तरीका जस का तस है। सबसे चिन्ताजनक है कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कारण अनेक कार्य-योजनाओं का जैसा परिणाम आना चाहिए वैसा नहीं आ रहा है।

हालाँकि, यह स्वीकार करना होगा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और राजनीतिक मूल्यों में गिरावट को लेकर जो वातावरण बन रहा है, उसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। लोकतंत्र केवल चुनावों का आयोजन भर नहीं है; यह संवाद, असहमति के सम्मान, संस्थाओं की गरिमा और संविधानिक मर्यादाओं का जीवंत तंत्र है। संसद लोकतंत्र का मंदिर है, पर पिछले वर्षों में संसद की कार्रवाई का बार-बार अवरोधित होना, हंगामे और गतिरोध लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करते हैं। नए साल में यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि संसद अवरोध का मंच नहीं, बल्कि समाधान और विमर्श का केंद्र बने। सत्ता और विपक्ष-दोनों की यह साझा जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रीय हितों को दलगत राजनीति से ऊपर रखें। लोकतांत्रिक प्रणाली को एक नई ऊँचाई पर ले जाने के लिए राजनीतिक मूल्यों का पुनर्जागरण आवश्यक है। पारदर्शिता, जवाबदेही, नैतिकता और जन-सरोकार-इन चार स्तंभों पर ही सशक्त लोकतंत्र खड़ा होता है। 2026 में राजनीति को केवल सत्ता-संघर्ष का अखाड़ा नहीं, बल्कि लोक-सेवा का माध्यम बनाने की आवश्यकता है। यदि राजनीति आम आदमी के दुःख-दर्द, रोज़गार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ती है, तभी लोकतंत्र में जनता का विश्वास मजबूत होगा। नया साल आम आदमी के जीवन में रोशनी बनकर आए-यह तभी संभव है जब हम समस्याओं का रोना रोने के बजाय समाधान की संस्कृति विकसित करें। महँगाई, बेरोज़गारी, सामाजिक विषमता और पर्यावरण संकट जैसी समस्याएँ केवल सरकारी घोषणाओं से नहीं सुलझेंगी; इनके लिए सामूहिक संकल्प और सहभागिता चाहिए। भारत की जनता में यह सामर्थ्य है कि वह झूठ को पहचानती है, सज्जनता को स्वीकार करती है और इंसानियत के मायने जानती है। हमारी सभ्यता की जड़ें अहिंसा और शांति में हैं-इसी बल पर हमें अपने समय की जटिल चुनौतियों का समाधान खोजना होगा। स्वास्थ्य के मोर्चे पर 2026 को विशेष सतर्कता का वर्ष बनाना होगा। महामारी के बाद की दुनिया ने यह सिखाया है कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा का प्रश्न है। खानपान की संस्कृति को नया आयाम देना होगा, स्थानीय, पौष्टिक और संतुलित आहार को बढ़ावा देते हुए। योग, ध्यान और जीवनशैली में संयम को अपनाकर ही हम स्वस्थ समाज की नींव रख सकते हैं। साथ ही 'स्वदेशी' के मंत्र को नई ऊँचाई पर ले जाना होगा-चाहे वह उत्पादन हो, उपभोग हो या तकनीकी नवाचार। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, मानसिक और सांस्कृतिक भी होनी चाहिए।

सामाजिक जीवन में भी नए संकल्पों की आवश्यकता है। नशा, दिखावा और आडंबर हमारी सामाजिक ऊर्जा को खोखला करते हैं। सादगी, संयम और मूल्यबोध को प्रोत्साहित करना समय की माँग है। विवाह और सामाजिक संस्कारों को बाज़ारू प्रदर्शन से मुक्त कर मानवीय संबंधों की गरिमा से जोड़ना होगा। यही नहीं, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, जल-संरक्षण और प्रकृति के साथ सहअस्तित्व-ये सभी नए साल के अनिवार्य संकल्प होने चाहिए। तकनीक और परंपरा के संतुलन के बिना इक्कीसवीं सदी का भारत आगे नहीं बढ़ सकता। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल सार्वजनिक ढाँचे और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भारत नए मानक स्थापित कर रहा है, पर इस प्रगति के साथ मानवीय संवेदनाओं का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। विकास का सही अर्थ वही है, जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी स्वयं को सम्मानित और सुरक्षित महसूस करे।

2026 में हमें बड़े बदलाव के लिए छोटे-छोटे लेकिन ठोस कदम उठाने होंगे। नए संकल्पों के पौधे रोपने होंगे, विकास एवं विवेक के नए 'स्वास्तिक' रचने होंगे-पर इसके लिए मौसम और माहौल दोनों बनाना पड़ेगा। सकारात्मक सोच, सामाजिक विश्वास और राजनीतिक सद्भाव-यही वह वातावरण है, जिसमें परिवर्तन के बीज फलते-फूलते हैं। तैयारी के बिना संकल्प खोखले रह जाते हैं; इसलिए नीति, नियत और नियोजन-तीनों का समन्वय अनिवार्य है। अंततः नया साल 2026 हमें यह स्मरण कराता है कि इतिहास अवसर देता है, पर दिशा हमें स्वयं तय करनी होती है। यदि हम शांति को प्राथमिकता, लोकतंत्र को आचरण और समाधान को संस्कृति बना लें, तो यह वर्ष केवल एक कैलेण्डर नहीं, बल्कि एक युगांतकारी मोड़ सिद्ध हो सकता है। भारत यदि अपनी आत्मा-अहिंसा, सहअस्तित्व और करुणा के साथ आगे बढ़ता है, तो 2026 न केवल हमारे लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए आशा और प्रकाश का वर्ष बनेगा। दुनिया को नयी दिशा एवं दृष्टि देने में सक्षम होगा।

# आराध्य देवी मांई दंतेश्वरी के दर्शन के साथ नव वर्ष की शुरुआत

- दंतेश्वरी शक्ति पीठ में उमड़ा आस्था का सैलाब
- पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त
- शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में दिखा नवरात्र सा नजारा
- विभिन्न मंदिरों में भी पहुंच भक्त कर रहे दर्शन पूजन व अनुष्ठान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा,1 जनवरी।** नव वर्ष के मंगलमय होने की कामना के साथ नया वर्ष 2026 के पहले दिन गुरूवार को हजारों लोगों ने मांईजी के मंदिर पहुंचकर अपनी आराध्य देवी मां के दर्शन पूजन किए। दंतेवाड़ा ही नहीं बल्कि प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने आज दंतेश्वरी माई के चरणों में नमन किया और नव वर्ष की शुरूआत की। लंबी कतारों में लोग सुबह से ही दर्शन के लिए खड़े नजर आए। नव वर्ष का पहला दिन आज मांईजी के मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़ को देख आज नवरात्रि जैसा माहौल दिखाई पड़ा। भक्ति और आस्था का यह सैलाब आज ही नहीं बल्कि पिछले पखवाड़े भर से दंतेश्वरी शक्ति पीठ में उमड़ रहा है। पर्यटक बड़ी संख्या में दंतेवाड़ा पहुंच रहे हैं और मांईजी की पूजा अर्चना कर अपने को धन्य कर रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नूतन वर्ष पर उठकर सबसे पहले भक्तों ने स्नान आदि से निवृत्त होकर सीधे अपनी आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर पर पहुंच मां भगवती देवी से अपने और अपने परिवारजनों की कुशलता एवं आरोग्य, निरोग रहने का आर्शीवाद मांगा। नए वर्ष की सुबह से ही मांईजी के मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ लगी रही। दोपहर 12 बजे तक लोग कतारों में खड़े होकर बारी बारी से दर्शन करते रहे। दंतेश्वरी मंदिर के अलावा शहर के विभिन्न मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रही। नये साल के सुअवसर पर कई भक्त शिव मंदिर, शनि मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर एवं हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा, अनुष्ठान कर नये वर्ष अच्छे से बीत जाए इसकी कामना ईश्वर से किए। बता दें कि कोई भी तीज त्यौहार हो नगरवासी सबसे पहले वे मांईजी का ही दर्शन पूजन कर उनसे आर्शीवाद लेते हैं उसके उपरांत ही कोई दुसरा काम करते हैं। स्थानीय भक्तों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु अन्य जगहों से तथा पड़ोसी राज्यों से भी बहुतायात संख्या में मांई के दर्शन पूजन के लिए आ रहे हैं। दंतेश्वरी मंदिर परिसर में नव निर्मित कारीडोर, रीवर फ्रंट, ज्योति कलश भवन, विशाल हनुमान की प्रतिमा एवं नदी घाट की तरफ सौंदर्यकरण हो जाने से शक्ति पीठ की सुंदरता, भव्यता देखते ही बनती है। जय स्तंभ से लेकर मंदिर के प्रवेश द्वार तक आकर्षक शैली में डोम बनाया गया है ताकि भक्तों को धूप, बारिश में भी सुरक्षित तरीके से खड़े रहकर मांता के दर्शन पूजन कर सकें। कारीडोर बनने के बाद मंदिर की भव्यता में और भी बढोतरी हुई है। रोजाना हजारों की संख्या में दूर दराज क्षेत्रों से भक्त दंतेवाड़ा पहुंच रहे हैं। आज नव वर्ष का पहला दिन होने से श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ी है जिसे देख ऐसा लग रहा है मानो कोई मेला लगा हो। बाहर से आए पर्यटक और श्रद्धालु काफी खुश हैं उनसे पुछने पर कहा कि सचमुच में यहां कदम रखते ही ऐसा लगा जैसे वाकई में किसी शक्तिपीठ में आने की हमें अनुभूति हुई है। एक भक्त ने अपना अनुभव साझा करते कहा कि उन्हें यहां आकर काफी शांति की अनुभूति प्राप्त हो रही है। श्रद्धालुओं ने एक समस्या अवश्य बताया कि यहां उन्हें और किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं हो रही मगर रूकने के लिए धर्मशाला वगैरह में माकुल व्यवस्था नहीं होने से ये देखकर उन्हें निराशा हुई। बता दें कि दंतेवाड़ा में दो धर्मशाला टेम्पल कमेटी द्वारा संचालित की जा रही है। धर्मशाला में पर्याप्त सुविधा एवं साफ सफाई नहीं होने से यहां रूकने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होती है मजबूरन लोगों को लॉज या रैन बसेरा में जाकर ठिकाना लेना पड़ता है। टेंपल कमेटी के अधिकारियों का कहना है कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित और हर प्रकार की सुविधा से लैस एक भक्त निवास धर्मशाला का निर्माण हो रहा है जो अभी निर्माणाधीन है जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा जिसके बाद भक्तों को रूकने की कोई समस्या नहीं होगी। पुराने धर्मशालाओं को भी व्यवस्थित किया जाएगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालु मांईजी के दर्शन पूजन के बाद पौराणिक नगरी बारसूर का भी रूख कर वहां बत्तीसा मंदिर, युगल गणेश मंदिर, मामा भांचा मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर का भी दर्शन पूजन कर सुख शांति, समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

## एक नजर

### जिले के 11 सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को दी गई विदाई



**जगदलपुर, 1 जनवरी।** बस्तर जिला प्रशासन ने वर्ष के अंतिम दिन बुधवार 31 दिसम्बर को कलेक्टोरेट स्थित आस्था कक्ष में आयोजित एक गरिमामय समारोह में बस्तर जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत रहे अपने 11 सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। कलेक्टर श्री हरिस एस. के निर्देशानुसार प्रशासन ने संवेदनशीलता और सुशासन का परिचय देते हुए सभी सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश, ग्रेच्युटी भुगतान आदेश और भविष्य निधि भुगतान आदेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, श्रीफल और पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीयता के साथ सम्मानित किया। प्रशासन की तत्परता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदाई की बेला में ही कर्मचारियों के हाथों में उनके पेंशन भुगतान आदेश, ग्रेच्युटी भुगतान आदेश और भविष्य निधि भुगतान आदेश सौंप दिए गए।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन ने सेवानिवृत्त हो रहे सहयोगियों की कार्यशैली की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी शासकीय सेवा के क्षेत्र में अत्यंत अनुभवी हैं और अपने-अपने कार्यों में पूरी तरह निपुण हैं। भले ही आज आप शासकीय दायित्वों से मुक्त हो रहे हैं, लेकिन आपका संचित अनुभव समाज के लिए अमूल्य है। मेरी आप सभी से अपील है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी आप सक्रिय रहें और अपने दीर्घकालीन अनुभवों का लाभ समाज और नई पीढ़ी को प्रदान करते रहें। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विदाई की इस बेला में प्रशासन द्वारा त्वरित गति से किए गए भुगतान और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मिले सम्मान से सेवानिवृत्त शासकीय सेवक बेहद अभिभूत और प्रसन्न नजर आए। हाथों-हाथ पेंशन और ग्रेच्युटी के आदेश प्राप्त करना उनके लिए एक सुखद अनुभव था। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की यह पहल बहुत ही सराहनीय और राहत भरी है, जिससे उन्हें सेवा के अंतिम दिन ही भविष्य की आर्थिक सुरक्षा मिल गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री अनिल कुमार पाठक ने पेंशनरों को मिलने वाले समस्त हितलाभों के बारे में विस्तार से बताया और बदलते दौर के साथ तालमेल बिठाने के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की प्रक्रिया और उपयोगिता समझाई।

### छत्तीसगढ़ सरकार तानाशाही की पराकाष्ठा को पार कर चुकी है : झा

**जगदलपुर, 1 जनवरी।** संभाग मुख्यालय जगदलपुर में छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी एवं प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के आदेशानुसार बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा, ग्रामीण अध्यक्ष अभिषेक डेविड के नेतृत्व में के अभ्यर्थियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा अभ्यर्थियों की नियुक्तियों पर रोक लगाने के विरोध ।

### रात तीन बजे शार्ट सर्किट से

## अनिशा राइस मिल में लगी आग, लाखों का बारदाना जलकर खाक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 1 जनवरी।** नए वर्ष की सुबह दंतेवाड़ा जिले के समीप औद्योगिक क्षेत्र टेकनार में स्थित अनिशा राइस मिल में आग लग गई जिससे राइस मिल के अंदर रखा लाखों का बारदाना एवं फोर्टिफाइड चावल जलकर खाक हो गया । सुकून की बात यह रही कि इस आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ है जिससे मिल मालिक समेत आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है।

मिली जानकारी के मुताबिक टेकनार में स्थित अनिशा राइस मिल में आज सुबह करीब 3 बजे के आसपास शर्ट सर्किट हो जाने से अचानक मिल में धुंआ उठने लगा। मिल के अंदर कुछ केयरटेकर मजदूर सो रहे थे धुंआं एवं आग की तेज तपिश से एकाएक उनकी नींद खुली तो देखा कि मिल में अंदर जहां भारी तादात में बारदाने रखा हुआ है वहां आग पकड़ लिया है और लपटें धू धूकर उठ रही है। फौरन इसकी सूचना मिल मालिक मुनिर खान को दी गई। जिसके बाद कॉल करके फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। थोड़ी ही देर बाद फायर ब्रिगेड की वाहन वहां पहुंची जिसके बाद बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। राइस मिल के ऑनर मुनिर अहमद खान ने बताया कि आगजनी की खबर उन्हें सुबह 4 बजे मिल में काम करने वाले उनके लड़कों ने दी थी। उन्होने कहा कि इस आगजनी में करीब 20 से 25 लाख के नुकसान होने की आशंका है। मिल के अंदर रखा करीब 1 लाख 28 हजार बारदाना पुरी तरह से जल गया है वहीं 5 से 6 टन फोर्टिफाइड चावल भी आगजनी में स्वाहा हो गया है। इसके अलावा थोड़ा बहुत और कुछ सामान जलने की बात मुनिर खान ने कही है। हादसे की रिपोर्ट कोतवाली में की जा रही है। मौकाए स्थल पर पुलिस की टीम पहुंचकर जांच मुआएना कर आगजनी के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

## निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण की जानकारी दी गई राजनीतिक दलों को



**जगदलपुर, 1 जनवरी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में एक सप्ताह के भीतर प्राप्त दावा एवं आपत्तियों की सूची साझा की गई तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के दूसरे चरण के अंतर्गत 23 दिसम्बर को निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत दावा-आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों सहित आंशिक तौर पर शामिल नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र से नाम जोड़ने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सीमा, प्रक्रियाओं तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी । साथ ही अब तक प्राप्त सभी दावा एवं आपत्तियों की सूची साझा की गई । प्राप्त सभी दावा एवं आपत्तियों की सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी, ताकि आम नागरिक सूची का अवलोकन कर सकें और यदि आवश्यक हो तो निर्धारित अवधि में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष आपत्ति दर्ज करा सकें । बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष रूप से अनुरोध किया गया कि वे सर्वे में छूटे हुए पात्र मतदाताओं, साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भावी मतदाताओं को फार्म-6 भरने हेतु प्रेरित एवं सहयोग प्रदान करें, जिससे जिले में शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सके। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

### 5 जनवरी को कैम्पस प्लेसमेंट, युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**मोहला 1 जनवरी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, अंबागढ़ चौकी में युवाओं के लिए 05 जनवरी को प्रातः 10 बजे से कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट का आयोजन परिश्रम बीसीएल समूह प्रा. लि. रायपुर के माध्यम से जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. रायपुर के लिए किया जा रहा है। इसमें जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के योग्य प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। कैम्पस प्लेसमेंट में वर्ष 2020 से 2025 तक उत्तीर्ण शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षणार्थी पात्र होंगे। इसमें विद्युतकार व्यवसाय के साथ-साथ फिटर, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, टर्नर/कोण एवं अन्य ट्रेड साथ ही डिप्लोमा तथा 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण उम्मीदवार भी शामिल हो सकते हैं। पात्रता के लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है।

## मनरेगा से कुआं बना तो सोमड़ू ले रहा है दो फसल

**बीजापुर, 1 जनवरी।** जनपद पंचायत भैरमगढ़ की ग्राम पंचायत रानीबोदली के निवासी श्री सोमड़ू ऑडी, महात्मा गांधी नरेगा योजना के ऐसे हितग्राही हैं, जिनकी जीवन यात्रा सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की सशक्त मिसाल प्रस्तुत करती है।

सोमड़ू ऑडी एक छोटे किसान हैं, सीमित कृषि भूमि और सिंचाई सुविधा के अभाव में वे वर्षों तक केवल पारंपरिक खेती कर पाते थे। वर्षा पर निर्भर खेती के कारण वे एकमात्र धान की फसल तक सीमित थे, जिससे आय बहुत कम होती थी और परिवार की आवश्यकताएँ पूरी करना कठिन था।

मनरेगा से बदली किस्मत- फिर महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत उनके खेत में कुएँ का निर्माण स्वीकृत हुआ। लगभग 3 लाख रुपये की लागत से कुएँ का निर्माण पूर्ण किया गया। इस कार्य से गांव के 13 जॉब कार्डधारी परिवारों के 42 श्रमिकों को 645 मानव दिवस का रोजगार भी प्राप्त हुआ।



सिंचाई से आय के नए रास्ते- कुएँ के निर्माण के बाद श्री सोमड़ू ऑडी के लगभग 2 एकड़ खेत में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो गई। इसके परिणामस्वरूप उन्होंने धान की फसल के बाद सब्जी उत्पादन शुरू किया। इससे एक ओर उनके परिवार को पोषक हरी सब्जियाँ उपलब्ध हुईं वहीं अतिरिक्त सब्जियों के विक्रय से उन्हें लगभग 10 हजार रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई।कुएँ के पानी से बना पक्का घर- श्री सोमड़ू बताते हैं कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2024-25 में आवास की स्वीकृति मिली। उन्होंने कुएँ के पानी का उपयोग कर घर पर ही लगभग 35 हजार ईंटों का निर्माण किया। इनमें से 17 हजार ईंटें बेचकर करीब 40 हजार रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की जबकि शेष ईंटों का उपयोग वे अपने प्रधानमंत्री आवास निर्माण में कर रहे हैं। इस प्रकार उनका पक्का घर अब साकार रूप ले रहा है।

आत्मनिर्भरता की मिसाल- आज श्री सोमड़ू ऑडी एक आत्मनिर्भर किसान बन चुके हैं। मनरेगा से निर्मित कुआँ न केवल उनकी खेती और आय का आधार बना, बल्कि इससे उनके परिवार का जीवन स्तर भी बेहतर हुआ। यह सफलता की कहानी स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन हो तो वे ग्रामीण जीवन में स्थायी परिवर्तन, सम्मानजनक आजीविका और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन सकती हैं।

## विभाग ने मिलावटखोरों पर किया जुर्माना,लैब भेजे सैकड़ों नमूने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 1 जनवरी ।** बस्तर संभाग के नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा फूटे चने में इंडस्ट्रियल कलर और औरामाईन ओ के उपयोग को लेकर जारी अलर्ट के बाद संभाग भर में हड़कंप मच गया है। इस हानिकारक औद्योगिक डाई के इस्तेमाल की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने बस्तर, कांकेर, नारायणपुर समेत सभी जिलों में बड़े व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर दबिश दी है और संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने विशेष जांच के लिए राज्य के बाहर प्रयोग शालाओं में भेजे हैं।

बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा टीम ने न केवल फूटे चने के थोक व्यापारियों के यहां छापेमारी की, बल्कि पनीर, खोवा, फ्रूट केक, टोस्ट और चॉकलेट्स जैसे उत्पादों के भी 13 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। विभाग की सख्ती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मोटा और पतला सेव के नमूने अमानक पाए जाने पर न्याय निर्णयन अधिकारी द्वारा संबंधित फर्मों पर 25-25 हजार रुपये का भारी जुर्माना भी लगाया गया है। इसके अलावा, मोती मलाई पनीर का नमूना फेल होने पर विधिवत विवेचना शुरू कर दी गई है, जिसे जल्द ही न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

संभाग के अन्य जिले कांकेर में भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। यहां खाद्य सुरक्षा विभाग ने फूटे चने के स्टॉक को जब्त कर लिया है और यह पता लगाया जा रहा है कि यह जहरीला चना कहां से आयात किया गया था। कांकेर से जब्त नमूनों को औरामाईन ओ की विशेष जांच के लिए राज्य के बाहर भेजा गया है। इसके साथ ही, जिले में अखबार या प्रिंटेड कागज में नाश्ता परोसने वाले दुकानदारों को सख्त नोटिस जारी करते हुए भविष्य के लिए चेतावनी दी गई है। दिसंबर माह में कांकेर से कुल 10 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं और 6 कारोबारियों को नमूने फेल होने पर नोटिस थमाया गया है।

नारायणपुर और कोंडागांव जिलों में भी यह अभियान जोर-शोर से चल रहा है। नारायणपुर से फूटे चने के विधिक नमूने जांच के लिए गुरुग्राम (हरियाणा) स्थित नेशनल कमोडिटीज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड भेजे गए हैं, जबकि चॉकलेट के निगरानी नमूने सूरत (गुजरात) की प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। कोंडागांव में भी कन्फेक्शनरी विक्रेताओं और अन्य प्रतिष्ठानों से मोमोस, उसना चावल और धुली उड़द दाल के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं।संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने मौके पर ही सैकड़ों खाद्य पदार्थों की जांच की। दंतेवाड़ा में 60, सुकमा में 45, बीजापुर में 25 और बस्तर में 53 नमूनों की तत्काल जांच की गई, जिसमें गड़बड़ी पाए जाने पर कई जगह खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया।प्रशासन ने आम जनता और छोटे व्यापारियों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ठेले, गुमटी और होटल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे खाद्य सामग्रियों को अनिवार्य रूप से ढककर रखें और नाश्ता देने के लिए अखबार के बजाय साफ प्लेट या दोने का उपयोग करें। साथ ही, खुली मिठाइयों और खाद्य पदार्थों को मक्खियों से बचाने के लिए जाली या नेट का प्रयोग करने और मिठाई की ट्रे पर निर्माण व एक्सपायरी तिथि लिखने का आदेश दिया गया है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे खाद्य गुणवत्ता के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध मिलावट की सूचना तत्काल विभाग को दें।

### सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के डंप हथियार व विस्फोटक बरामद किए

**सुकमा, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा कैम्प उरसांगल क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने आज बुधवार को नक्सलियों के डंप को बरामद किया है। इसमें छिपाकर रखे गए हथियार और विस्फोटक शामिल है। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन संचालित किया जा रहा है। नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर आज नवीन कैंप उरसांगल से 159 बटालियन सीआरपीएफ, जिला बल सुकमा की संयुक्त टीम निकली थी। टीम ग्राम गोंदपल्ली और आसपास के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान ग्राम गोंदपल्ली के जंगल और पहाड़ी इलाके में सघन सर्चिंग जारी रही थी।

## समाचार संक्षेप

### जैतालुर कोदई माता-मेला में बाल विवाह के प्रति लोगों को किया गया जागरूक




**बीजापुर 1 जनवरी।** कलेक्टर संबंधित मिश्रा के निर्देशन में ग्राम पंचायत इटपाल के जैतालुर कोदई माता मेला परिसर मे बाल-विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बाल-विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दुष्परिणामों की जानकारी आमजन को दी गई तथा बाल अधिकारों, किशोर-किशोरियों के स्वस्थ भविष्य तथा कानूनन प्रावधानों से जनता को अवगत कराया गया।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बाल-विवाह प्रतिबंध अधिनियम की जानकारी, बाल विवाह के कानूनी परिणाम, बालिकाओं के शिक्षा-अधिकार, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी लाभकारी योजनाओं की रूपरेखा तथा सरकारी प्रयासों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही ग्रामीण समुदाय, अभिभावकों, महिला समूहों एवं युवाओं से बाल-विवाह न कराने एवं बाल विवाह की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि बाल-विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। अतः समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वह बाल-विवाह उन्मूलन में सहयोग प्रदान करे। मेले में आए ग्रामीणों, महिलाओं, किशोर-किशोरियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अभियान के प्रति सकारात्मक रुझान दर्शाते हुए बाल-विवाह मुक्त समाज के निर्माण हेतु पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

### साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**बीजापुर 1 जनवरी।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने 10 वर्ष या उससे अधिक समय से निष्क्रिय डेफ अकाउंट का शीघ्र निराकरण करते हुए संबंधित राशि शासन के खाते में जमा कराने तथा इसकी जानकारी जिला कोषालय अधिकारी को देने के निर्देश दिए।बैठक में नियद नेल्लानार योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। योजना अंतर्गत शामिल गांवों में सैचुरेशन शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे- राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र आदि निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराते हुए पात्रतानुसार शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नक्सल पीड़ित परिवारों एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को भी आवश्यक दस्तावेज सहजता से उपलब्ध कराने तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गएकलेक्टर ने उज्ज्वला योजना, श्रम कार्ड, एग्रीस्टेक में पंजीयन तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों के बैंक खाते खुलवाने हेतु आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त धान उपार्जन प्रक्रिया के अंतर्गत बारदाना की उपलब्धता, रकबा समर्पण, धान की राशि का अंतरण आदि विषयों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रगति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक बलराम राना को दी विदाई



**बीजापुर 1 जनवरी।** अर्धवार्षिकी पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्त हुए प्रधान पाठक श्री बलराम राना को जिला कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने आत्मीय विदाई दी।इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने श्री राना के दीर्घकालीन एवं कुशलतापूर्ण सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन प्रमाण पत्र भी भेंट किया।विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्री बलराम राना भावुक हो उठे और अपने सेवाकाल की स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम में जिला कोषालय अधिकारी श्री महावीर प्रसाद टंडन जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखनलाल धनेलिया सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।

### खुली नाली पर प्लेट लगाने का काम शुरू

**बीजापुर 1 जनवरी।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के सामने खुली नाली को लेकर लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने नाली पर प्लेट लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। खुली नाली के कारण आम नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को आवागमन में परेशानी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए त्वरित समाधान किया जा रहा है।यहां रोजाना बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, आम नागरिक और राहगीर चाय-नाश्ता व भोजन के लिए आते-जाते हैं। सुरक्षा के लिहाज से नाली पर प्लेट लगाना आवश्यक था। अब कार्य शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्लेट लगने के बाद दुर्घटना की आशंका पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए नागरिकों ने कहा कि समय रहते उठाया गया यह कदम किसी बड़ी दुर्घटना को टालने में मददगार साबित होगा।सीएमओ नगरपालिका बीजापुर श्री बंशीलाल नुरेटी ने दिया बताया कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### अग्निवीर भर्ती रैली इंडोर स्टेडियम धमतरी में 10 से 24 जनवरी तक

**रायगढ़, 2 जनवरी।** भारतीय सेना द्वारा जनवरी 2026 में प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। यह भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम धमतरी (छत्तीसगढ़) में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवार भाग लेंगे। रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं एवं 8वीं पास) श्रेणियों की भर्ती की जाएगी।सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अब शारीरिक दक्षता परीक्षा और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल हो सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र www.joinindianarmy.nic.in और उनकी ईमेल आईडी पर भेज दिया गया है। भर्ती रैली में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाएगा। किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए उम्मीदवार वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 में संपर्क कर सकते है। सेना भर्ती कार्यालय ने उम्मीदवारों को दलालों और फर्जी एजेंटों से सावधान रहने की सलाह दी है और स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में भर्ती पूरी तरह निःशुल्क और निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत की जाती है।

### केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया सिरपुर के पुरातात्विक स्थलों का निरीक्षण

**महासमुंद 1 जनवरी।** भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज जिला महासमुंद अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर के दौरे पर रहे। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल भी उनके साथ उपस्थित रहे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री शेखावत का सिरपुर हेलीपैड पर सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभास कुमार एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री शेखावत ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर पहुंचे, जहाँ उन्होंने लक्ष्मण देवालय, आनंद प्रभु कुटी विहार, तीवरदेव विहार, सुरंग टीला एवं स्थानीय हाट बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने सिरपुर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिरपुर भारत की प्राचीन धरोहर का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जिसे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की आवश्यकता है।

### माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर के लिए स्वीकृत 4 नवीन संविदा पद पर भर्ती के लिए आवेदन 10 जनवरी तक

**जगदलपुर, 1 जनवरी।** विमानन संचालनालय, नया रायपुर के निर्देशानुसार जगदलपुर मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट हेतु स्वीकृत चार नवीन पद पर संविदा नियुक्ति के लिए पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से स्पीड पोस्ट के माध्यम से 10 जनवरी 2026 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसमें चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर, असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव, एकाउंटेंट और असिसटेंट ग्रेड 3 के पदों पर भर्ती की जानी है । सभी पद अनारक्षित है ।उपरोक्त पद के लिये शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं विस्तृत जानकारी शासन पद एवं एयरपोर्ट के सूचना पटल पर उपलब्ध है। इच्छुक योग्यताधारी आवेदक अपना आवेदन 10 जनवरी 2026 को शाम 05 बजे तक नोडल अधिकारी, मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर, जिला बस्तर, छत्तीसगढ़ पिनकोड 494001 के पते पर केवल स्पीड पोस्टध्रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। 10 जनवरी 2026को शाम 05 बजे के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

### सिर्री में 3 जनवरी को गड़भेड़ा बाबा का सजेगा दरबार, लगेगा मेला

**अंवरी,1 जनवरी।** स्वच्छ निर्मल जल से आच्छादित उतंग टीला बरबस लोगों का मन मोह लेता है। मन्दिर चारों तरफ प्राकृतिक छटा से बिखरा और पानी से घिरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब का पानी कभी नहीं सुखता। प्रतिवर्ष कमल की नई पंखुड़ियां खिलते हुए देखी जा सकती है। ग्राम सिर्री के गड़भेड़ा बाबा का मेला पौष माह की छेरछेरा पूर्णिमा पर 3 जनवरी शनिवार को लगेगा। समीपस्थ एवं दूर दराज से भी श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगने बाबा के द्वार तक पहुंचते हैं। छेरछेरा पूर्णिमा एवं दीपावली में प्रत्येक घर से इस मंदिर में दीप जलाने भक्तों की भीड़ पहुंचती है। गड़भेड़ा बाबा का मठ मंदिर रायपुर- धमतरी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 कोड़ेबोड़ एवं बिरेझर से 5 किमी पूर्व दिशा ग्राम सिर्री में स्थित है। किंवदंती है कि लगभग डेढ़ सौ साल पहले ग्राम सिर्री में एक साधु आए।

वह कहां से आया, क्यों आया किसी को पता

# सुशासन के 2 साल-जिले के हर क्षेत्र में लिखी जा रही तरक्की की कहानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद बीते दो वर्षों में रायगढ़ जिले ने विकास की जिस गति को पकड़ा है, उसने जिले की तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्प और वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के स्पष्ट विजन का ही परिणाम है कि रायगढ़ विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और महिला सशक्तिकरण तक हर क्षेत्र में योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंच रहा है। गरीबों के लिए पक्के मकान का सपना रायगढ़ में हकीकत बनता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन में रायगढ़ ने पूरे छत्तीसगढ़ में पहला स्थान हासिल किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के विरुद्ध 35 हजार से अधिक आवासों का निर्माण पूरा किया गया, शहरी क्षेत्रों में भी पात्र परिवारों को अपने पक्के घर का सुख मिला है, जिससे लोगों के जीवन स्तर में स्पष्ट बदलाव आया है।

शिक्षा के क्षेत्र में रायगढ़ को नई पहचान दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई है। 42.56 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नालंदा परिसर न केवल प्रदेश की सबसे बड़ी हाईटेक लाइब्रेरी होगी, बल्कि रायगढ़ को एक प्रमुख एजुकेशन हब के रूप में स्थापित करेगी। डिजिटल शिक्षा की ओर बढ़ते कदमों के तहत 2.19 लाख से अधिक स्कूली बच्चों की अपार आईडी डिजिटल पहचान तैयार की जा चुकी है। स्कूली शिक्षा के साथ बच्चों को आईआईटी, जेईई, नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायगढ़ जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की पहल पर आश्रम एवं छात्रावास में रहने वाले कक्षा 9वीं और 10वीं के 1860 छात्रों को स्कूल के दौरान गरम टिफिन भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे बच्चों की उपस्थिति और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई है।

शहर के मध्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त हरा-भरा ऑक्सीजोन एवं उद्यान तैयार किया जा रहा है। जहां लोग सैर के साथ योगा व व्यायाम जैसी गतिविधियां कर सकेंगे। शहर के मध्य स्थित केलो पुल का सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक लाईटिंग की गई है, जिससे यह रात में अत्यंत आकर्षक दिखाई देता है। पुसौर के जनपद पंचायत परिसर में नवीन उप पंजीयक कार्यालय प्रारंभ होने से रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत पुसौर तहसील क्षेत्र के लोगों को अब जमीन रजिस्ट्री कार्य के लिए जिला मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। रायगढ़ में आधुनिक व उन्नत खेल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने लगभग 42 एकड़ में 100 करोड़ की लागत से इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स काम्पलेक्स तैयार किया जा रहा है। जिले में आवश्यकता के अनुरुप पुल-पुलिया, सड़क, स्कूल, हॉस्पिटल, भवन, गार्डन जैसे तमाम विकास के कार्य किए जा रहे है, जिसका लोगों को लाभ मिल रहा है। विगत दो वर्षो में ये सभी विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रही है।

कृषि और किसानों की समृद्धि सरकार की प्राथमिकताओं में रही है। जिले के 93 हजार से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सीधा लाभ मिल रहा है। किसानों को बेहतर बाजार सुविधा देने के लिए पटेलपाली में 6.15 करोड़ रुपये की लागत से हाईटेक मंडी विकसित की जा रही है। सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए केलो नहरों के निर्माण और रिमॉडलिंग हेतु 100 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे हजारों हेक्टेयर खेतों तक पानी पहुंच सकेगा। इसके साथ ही जिले में पॉम ऑयल की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों को प्रति हेक्टेयर ढाई से तीन लाख रुपये तक की संभावित आमदनी होगी।

## आबकारी अमल ने खोखरा में छापा मारकर 6 लीटर महुआ शराब जब्त की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददातायगढ़, 1 जनवरी। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त आबकारी श्री क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम-खोखरा, थाना-पुसौर में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आबकारी विभाग को प्राप्त शिकायत के आधार पर 29 दिसंबर को आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी देवनारायण यादव, पिता-स्व.चैतराम यादव, उम्र 55 वर्ष, जाति राउत, निवासी ग्राम खोखरा, थाना पुसौर, जिला रायगढ़ के रिहायशी मकान में छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान मकान के एक कमरे से सफेद-गुलाबी रंग के थैले में रखी गई अवैध महुआ शराब जप्त की गई। जप्त सामग्री में 05 लीटर क्षमता की प्लास्टिक जरीकेन में भरी 04 लीटर तथा 02 लीटर क्षमता की हरे रंग की बोतल में भरी 02 लीटर, कुल 06 लीटर महुआ शराब शामिल है, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 1200 रुपये बताई गई है।आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के अंतर्गत अपराध क्रमांक 107/2025 पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया। बाद में आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप-निरीक्षक याजेंद्र मेहर एवं आबकारी मुख्य आरक्षक लालसिंह कंवर का विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## लाइवलीहुड कॉलेज में रोजगारोन्मुखी कोर्स संचालित

■ निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

■ इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर करा सकते है पंजीयन

**रायगढ़, 1 जनवरी।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत रायग? जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में निःशुल्क गैर.आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक युवक.युवतियां निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि लाइवलीहुड कॉलेज रायगढ़ में इलेक्ट्रीशियन 10वीं उत्तीर्ण इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन 8वीं उत्तीर्ण एवं गेस्ट सर्विस एसोसिएट फूड एंड बेवरेज 12वीं उत्तीर्ण जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात सफल प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगेए जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी लाइवलीहुड कॉलेज केआईटी कॉलेज के पास अग्रसेन आईटीआई के बगल में ओड़िशा रोड उमरियाए रायगढ़ में समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## कम लागत में अधिक मुनाफा हो रहा प्राकृतिक खेती से



**रायगढ़, 1 जनवरी।** जिले के लैलूंगा विकासखण्ड के भकुरा गाँव में रहने वाले श्री जयकुमार गुप्ता साधारण किसान नहीं, बल्कि नई सोच के प्रतीक हैं। बी.ए.तक शिक्षित जयकुमार ने नौकरी की राह छोड़कर खेती को ही अपना भविष्य बनाया और यह साबित कर दिया कि सही सोच और तकनीक से खेती भी लाभ का बड़ा माध्यम बन सकती है। जहाँ एक ओर कई किसान रासायनिक खेती की बढ़ती लागत से परेशान हैं, वहीं जयकुमार गुप्ता प्राकृतिक खेती के सहारे न केवल निश्चिंत हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भी बन चुके हैं।

प्राकृतिक खेती कर रहे जयकुमार आज भी पशुधन को खेती की रीढ़ मानते हैं। उनके पास 3 गायें और 2 बैल हैं, जो उनकी खेती की आत्मा हैं। एक ही फसल पर निर्भर न रहकर वे धान, उड़द, मूंगफली और विभिन्न सब्जियों की खेती करते हैं। यह फसली विविधता न केवल उनकी आय को सुरक्षित करती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखती है।

विज्ञान और परंपरा के संतुलन से वे जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र और हरी खाद का उपयोग करते हैं। ढैंचा और सनई जैसी फसलों से हरी खाद, फसलों के अवशेषों से कम्पोस्ट, फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप और ट्राइकोडर्मा जैसे उपाय उनकी खेती को कीट और रोगों से सुरक्षित रखते हैं। केंद्र व राज्य सरकार की योजना नेशनल मिशन ऑन नैचुरल फार्मिंग तथा कृषि विभाग रायगढ़ का मार्गदर्शन उनके आत्मविश्वास को और मजबूती देता है।

जयकुमार गुप्ता की खेती के आंकड़े हर किसान को सोचने पर मजबूर करते हैं। प्राकृतिक खेती से वे प्रति एकड़ लगभग 20 क्विंटल उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उनकी लागत मात्र ढाई हजार रुपये प्रति एकड़ आती है, जबकि शुद्ध मुनाफा लगभग 70 हजार रुपये प्रति एकड़ तक पहुँच जाता है। जयकुमार कहते हैं कि खेती में मुनाफा कमाने के लिए भारी खर्च नहीं, बल्कि सही ज्ञान, धैर्य और प्रकृति से तालमेल जरूरी है। प्राकृतिक खेती करके श्री जयकुमार गुप्ता अन्य किसानों के प्रेरणास्त्रोत बन चुके है।

## लैलूंगा व घरघोड़ा में पीडीएस आपूर्ति सुव्यवस्थित,आवश्यक भंडारण कार्य प्रगतिरत

**रायगढ़, 1 जनवरी।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले के आदिवासी विकासखंड लैलूंगा एवं घरघोड़ा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत चावल की आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जिला रायगढ़ से विस्तृत जानकारी ली गई।

समीक्षा में जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटन माह जनवरी 2026 के लिए पीडीएस चावल का भंडारण शासन के निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। विकासखंड घरघोड़ा में 1657.88 मीट्रिक टन के निर्धारित आवंटन के विरुद्ध वर्तमान में 1652.88 मीट्रिक टन चावल उपलब्ध है। वहीं लैलूंगा विकासखंड में 1170.27 मीट्रिक टन के सापेक्ष वर्तमान उपलब्धता 468.46 मीट्रिक टन दर्ज की गई है।जिला प्रबंधक ने बताया कि लैलूंगा विकासखंड में उचित मूल्य दुकानों के लिए शेष 701.81 मीट्रिक टन चावल के भंडारण की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। इसके लिए मार्कफेड मुख्यालय रायपुर के द्वारा सारंगढ़ जिले से सरप्लस चावल 999 मीट्रिक उपलब्ध कराया है, जिसमें से 317 मीट्रिक टन तथा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत रायगढ़ जिले की मिलरो से 985 मीट्रिक टन चावल प्राप्त किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 1302 मीट्रिक टन चावल उपलब्ध होगा, जिससे शेष आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

समीक्षा में यह भी बताया गया कि पीडीएस चावल का भंडारण कार्य निरंतर प्रगतिरत है तथा आगामी आवंटन माह फरवरी 2026 के लिए भी आवश्यक तैयारी की जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए विभागीय समन्वय एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

### किसानों ने अब तक 2 लाख 34 हजार मेट्रिक टन से अधिक धान बेचा

**कांकेर,1 जनवरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों के द्वारा धान बेचा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 2 लाख 34 हजार 477 मेट्रिक टन धान किसानों द्वारा बेचा जा चुका है। इसमें 2 लाख 32 हजार 274 मेट्रिक टन मोटा धान तथा 2 हजार 073 मेट्रिक टन पतला और 129 मेट्रिक टन सरना वैरायटी का धान सम्मिलित है।

# किसानों से धान खरीद पाने में असफल रही भाजपा सरकार : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,1 जनवरी।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि खरीफ सीजन 2025-26 में किसानों से धान खरीद पाने में भाजपा सरकार पूरी तरह असफल रहा। सरकार के लचर खरीदी व्यवस्था के चलते जिले के पंजीकृत किसान धान बेचने से वंचित होने के कगार पर पहुँच गए हैं। टोकन नहीं कटने, एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की समस्या से जूझ रहे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए वर्तमान में भारी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक धान बेचने का समय शासन द्वारा निर्धारित की गई है। लेकिन, धान खरीदी के शुरूआती दिनों में सोसायटी कर्मचारियों के हड़ताल से खरीदी कार्य पूरे नवंबर माह तक प्रभावित रहा। जैसे-तैसे दिसंबर में खरीदी शुरू भी हुई तो पोर्टल की समस्या ने किसानों को परेशान किया। वहीं, एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता के चलते अनेक किसान पूरी तरह टूट गए। कभी तहसील दफ्तर के चक्कर तो कभी कलेक्टोरेट तथा सोसायटी के चक्कर काट-काटकर किसान इस कदर परेशान हुए कि जिले के बागबाहरा क्षेत्र के एक किसान ने गला काटकर आत्महत्या का प्रयास भी कर डाला। किसानों की इन समस्याओं पर सरकार ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की। किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि महासमुंद जिले में धान बेचने के लिए कुल 1 लाख 62 हजार किसान पंजीकृत हैं। इन किसानों से 12.45 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन, भाजपा सरकार के किसान विरोधी नीतियों, सोसायटियों में उत्पन्न कृत्रिम संकटों के चलते अभी भी आधे से अधिक किसान धान नहीं बेच पाएं हैं। दिसम्बर माह बीत चुका है। 2026 के जनवरी माह में 10 शासकीय अवकाश पड़ रहे हैं। केवल 21 दिन ही धान खरीदी का समय मिल पाएगा। ऐसे में पंजीकृत समस्त किसानों से धान की खरीदी कैसे होगी, यह चिंता का विषय है। अभी तक केवल 79 हजार 508 किसानों से कुल 4 लाख 81 हजार 843 मीट्रिक धान की खरीदी हो पाई है। जबकि, शेष 83 हजार 492 किसानों से 7 लाख 63 हजार 157 मीट्रिक टन धान खरीदना बाकी है। डेढ़ माह में सरकार आधे से भी कम किसानों से केवल लक्ष्य के 38 प्रतिशत धान ही खरीद पाई है। अब महज 21 दिन में 62 प्रतिशत धान की खरीदी कैसे हो पाएगी। चंद्राकर ने कहा कि सरकार जानबूझकर किसानों को धान बेचने से वंचित करने तरह-तरह के परेशानिया उत्पन्न कर रही है। अब सोसायटियों में बफर लिमिट पार होने के कारण धान रखने के लिए जगह की कमी हो रही है। ऐसे में सोसायटी में खरीदी बंद होने की नौबत आ जाएगी। जिससे संबंधित सोसायटियों के किसान धान बेचने के लिए फिर उठाव होने का इंतजार करेंगे। वर्तमान में जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में 3 लाख 76 हजार 12 मीट्रिक टन से अधिक धान जाम है। मिलरों को केवल 1 लाख 5 हजार 830 मीट्रिक टन धान ही जारी किया गया है। धान जाम होने से निश्चित ही खरीदी बंद होगी।

## समाचार संक्षेप

### महासमुंद जिले के बम्हनी धान खरीदी केंद्र में सुगमतापूर्वक धान खरीदी जारी



**महासमुंद,1 जनवरी ।** राज्य शासन के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में धान खरीदी का महाअभियान पारदर्शिता के साथ जोरों पर चल रहा है। महासमुंद जिला लगातार प्रदेश में पहले स्थान पर बना हुआ है। इसी क्रम में जिले के बहमनी गांव स्थित धान खरीदी केंद्र पर आज कुल 14 किसानों ने अपनी उपज बेची। केंद्र पर एक दिन में कुल 741 क्विंटल धान की खरीदी हुई।किसानों ने अपनी मेहनत की फसल समर्थन मूल्य पर बेचकर खुशी जाहिर की। बम्हनी धान उपार्जन केन्द्र में धान बेचने आए ग्राम बम्हनी के किसान श्री राजू यादव ने बताया कि उन्होंने 93.20 क्विंटल धान का विक्रय किया है। उन्हें धान बेचने में किसी भी तरह की समस्या नहीं हुई। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राज्य सरकार की किसान हितैषी व्यवस्था हर किसान को राहत दे रही हैं। उन्होंने इसके लिए राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार श्री मांघेलाल साहू ने बताया कि उन्होंने मात्र 2 एकड़ भूमि पर खेती कर 47.20 क्विंटल धान बेचा। वहीं बम्हनी ग्राम के श्री गजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने 11.20 क्विंटल धान का आसानी से विक्रय कर पाएं। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में हमाल उपलब्ध है, जिससे धान तौल एवं उठाव समय पर होने से कोई समस्या नहीं हुई।बहमनी केंद्र के ये आंकड़े स्थानीय किसानों की लगन, बेहतर फसल प्रबंधन और अच्छी पैदावार का प्रमाण हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस वर्ष 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदारी सुचारु रूप से जारी है। किसानों को टोकन जारी करने, तुलाई और भुगतान में किसी भी तरह की देरी न हो, इसकी पूरी व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने सभी खरीदी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं, जिसके चलते किसान बिना किसी परेशानी के अपनी फसल का उचित मूल्य प्राप्त कर पा रहे हैं।

### जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर प्रदान करने जानकारी आमंत्रित

**महासमुंद,1 जनवरी ।** राज्य स्तर पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर प्रदान किए जाने की योजना के अंतर्गत जिले से ऐसे दिव्यांगजनों की जानकारी मांगी गई है, जिन्हें कृत्रिम अंग की आवश्यकता है। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके जीवन को अधिक सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाना है।उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती संगीता सिंह ने बताया कि योजना अंतर्गत महासमुंद जिले के वे सभी दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम हाथ अथवा कृत्रिम पैर की आवश्यकता है, वे जिला कार्यालय समाज कल्याण, महासमुंद में संपर्क कर अपनी जानकारी दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त नोडल प्रभारी श्री ए.पी. द्विवेदी, जिला कार्यालय समाज कल्याण, महासमुंद से मोबाइल नंबर 91656-25818 पर भी संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्रदान की जा सकती है। उप संचालक श्रीमती संगीता सिंह ने जिले के सभी ऐसे दिव्यांगजनों से अपील की है कि, जिन्हें कृत्रिम हाथ या कृत्रिम पैर की आवश्यकता है, वे शीघ्र ही जिला कार्यालय अथवा नोडल प्रभारी से संपर्क कर अपनी जानकारी उपलब्ध कराएं।

### कलेक्टर ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कांकेर,1 जनवरी ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज पीएम-जनमन योजना के अंतर्गत नरहरपुर विकासखण्ड में निवासरत विशेष पिछड़ी कमार जनजातियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई चलित चिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन में चिकित्सा अधिकारी, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, कम्पाउंडर सहित आवश्यक खून जांच एवं दवाईयों की व्यवस्था एवं अन्य स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है। यह वाहन विशेष जनजाति समूह जो मुख्य रूप से नरहरपुर विकासखंड के 13 ग्रामों जिसमें बादल, मरादेव, साईमुंडा, मुसुरपुट्टा कोटपारा, बिहावापारा, डोमपदर, गंवरसिल्ली, भैंसमुंडी जी, बासनवाही, मावलीपारा, दलदली, भीमाडीह, नयापारा सहित अन्य ग्रामों के कमार जनजातीय बस्तियों के बसाहटों में जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं चिकित्सकीय टीम से विशेष जनजाति समूह के गांवो में आमजनों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते समय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर, नोडल अधिकारी डॉ. के.के. ध्रुव, डीपीएम रोहित वर्मा सहित अन्य चिकित्सा स्टाफ मौजूद थे उल्लेखनीय है कि 'पीएम जनमन' प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान है, जो विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए शुरू की गई एक सरकारी पहल है, जिसका लक्ष्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को पक्के घर, स्वच्छ पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और आजीविका के अवसर जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करना है, ताकि उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

### निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक

**जगदलपुर, 1 जनवरी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मंगलवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में एक सप्ताह के भीतर प्राप्त दावा एवं आपत्तियों की सूची साझा की गई तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के दूसरे चरण के अंतर्गत 23 दिसम्बर को निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत दावा-आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों सहित आंशिक तौर पर शामिल नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र से नाम जोड़ने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सीमा, प्रक्रियाओं तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अब तक प्राप्त सभी दावा एवं आपत्तियों की सूची साझा की गई। प्राप्त सभी दावा एवं आपत्तियों की सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी, ताकि आम नागरिक सूची का अवलोकन कर सकें और यदि आवश्यक हो तो निर्धारित अवधि में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष आपत्ति दर्ज करा सकें। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष रूप से अनुरोध किया गया कि वे सर्वे में छूटे हुए पात्र मतदाताओं, साथ ही 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भावी मतदाताओं को फार्म-6 भरने हेतु प्रेरित एवं सहयोग प्रदान करें, जिससे जिले में शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सके। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

# केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई जामगांव एम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था व रोजगार को मिला बल

**रायपुर, 1 जनवरी।** केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई ग्रामीण रोजगार में वनोपज और औषधीय पौधों के संग्रह, प्रसंस्करण और मूल्य-वर्धन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और ग्रामीणों, खासकर महिलाओं, के लिए आय और रोजगार के नए अवसर पैदा करती है। दुर्ग जिला के पाटन विकासखंड के जामगांव एम में स्थापित केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई ग्रामीण रोजगार, वनोपज प्रसंस्करण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड' के नाम से बाजार में उपलब्ध

यह इकाई लगभग 111 एकड़ क्षेत्र में विकसित की गई है, जहां छत्तीसगढ़ शासन और राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित के माध्यम से वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों से वनोपज और औषधीय पौधों का क्रय, संग्रहण और प्रसंस्करण किया जा रहा है। यहां तैयार किए जा रहे हर्बल उत्पाद 'छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग स्वास्थ्य लाभ के लिए किया जाता है।

### प्रसंस्करण इकाई से मिल रहा स्थानीय लोगों को रोजगार

प्रसंस्करण इकाई क्रमांक- 01 में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित किए गए हैं। यहां आंवला, बेल और जामुन से जूस, कैंडी, लच्छा, मुरब्बा, शरबत, पल्प और आरटीएस पेय जैसे शुद्ध हर्बल उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों का विक्रय एनडब्ल्यूएफपी मार्ट और संजीवनी स्टोर के माध्यम से किया जाता है। इस इकाई ने मात्र एक वर्ष में लगभग 44 लाख रुपये मूल्य के उत्पादों का निर्माण और विक्रय कर स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने में अहम योगदान दिया है।

### 20 हजार मीट्रिक टन क्षमता का केंद्रीय वेयरहाउस

इकाई क्रमांक- 02 में चार बड़े गोदाम बनाए गए हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 20,000 मीट्रिक टन है। यहां राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त वनोपज का सुरक्षित भंडारण किया जाता है। वर्तमान में कोदो, कुटकी, रागी, हर्रा कचरिया, चिरायता, कालमेघ, पलास फूल और साल बीज सहित विभिन्न वनोपज का संग्रह किया गया है। इन उत्पादों का विक्रय संघ मुख्यालय रायपुर द्वारा निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। इन दोनों इकाइयों के संचालन से अब तक 5,200 से अधिक मानव दिवस का रोजगार सृजित हो चुका है।





### पीपीपी मॉडल पर हर्बल एक्सट्रैक्शन यूनिट यूनिट की स्थापना

जामगांव एम में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत हर्बल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापना की गई है। यह यूनिट छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ और स्फेयर बायोटेक कंपनी के संयुक्त प्रयास से बनी है, जिसका लोकार्पण वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप द्वारा किया गया था। लगभग 6 एकड़ क्षेत्र में बनी इस यूनिट में गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मुसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा और शतावरी जैसे औषधीय पौधों से अर्क निकाला जा रहा है। इन अर्कों का उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं और वेलनेस उत्पादों के निर्माण में किया जाता है।

### ग्रामीणों और संग्राहकों को स्थायी लाभ

हर्बल एक्सट्रैक्शन यूनिट के माध्यम से ग्रामीण संग्राहकों से वनोपज और औषधीय पौधों का पूर्ण क्रय सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे उन्हें उचित मूल्य और नियमित आय मिल रही है। इससे वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है और नए रोजगार अवसर भी सृजित हो रहे हैं। जामगांव एम की केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई, वेयरहाउस और हर्बल एक्सट्रैक्शन यूनिट वनोपज की मूल्यवृद्धि के साथ-साथ ग्रामीणों और संग्राहकों के लिए आजीविका के मजबूत साधन बन रहे हैं।

## एक नजर

### राष्ट्रीय युवा दिवस 12 से, रामकृष्ण मिशन रायपुर में होंगी प्रतियोगिताएं

**रायपुर, 31 दिसंबर।** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम रायपुर में विवेकानंद जयंती समारोह में अंतरमहाविद्यालयीन एवं अंतर माध्यमिक शाला प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी से किया जाएगा। विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। रामकृष्ण मिशन के सचिव योगस्थानंद से मिली जानकारी के अ नुसार विवेकानंद जी की 164वीं जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आश्रम में हिंदी तिथि के अनुसार स्वामी विवेकानंद का 164 जन्मदिवस उत्सव आश्रम प्रांगण में 10 जनवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 5 बजे मंगल आरती विशेष पूजा भजन प्रातः 9 बजे हवन 10 बजे विशेष भोग एवं प्रसाद का वितरण 12.30 बजे दोपहर को किया जाएगा। मिशन के सचिव द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 14 जनवरी को विषय विश्व शांति के दूत स्वामी विवेकानद पर अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिता, 15 जनवरी को तत्कालीन भाषाण प्रतियोगिता, 16 को अंतरमहाविद्यालयीन वाद विवाद स्पर्धा विषय सामाजिक समरसता के द्वारा राष्ट्रीय एकता संभव है। 17 को अंतरमहाविद्यायीन वाद विवाद प्रतियोगिता विषय भारती नारी का आदर्श सीता सावित्री तथा दैमतिहो 18 जनवरी को तत्कालीक भाषण प्रतियोगिता 19 जनवरी को भी अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिता, 20 तथा 21 जनवरी को विषय सदन की राय में शिक्षा का उद्देश्य धन प्राप्ति अथवा चरित्र गठन हो, 22 को पाठ आवृत्ति स्पर्धा होगी। रविवार 25 को पुरस्कार वितरण समारोह होगा।

### छत्तीसगढ़ के विकास में रविशंकर शुक्ल ने दिया अविस्मरणीय योगदान

**रायपुर, 1 जनवरी।** अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन एवं नगर निगम की संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। वक्ताओं ने पंडित शुक्ल द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में किए गए कार्यों के लिए उन्हें याद किया गया। कांग्रेस भवन तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कक्का जी की पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। जिला अध्यक्ष श्री कुमार मेमन ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र और बैलाडीला प्रोजेक्ट सहित शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कार्य किया। इस अवसर पर अमितेश शुक्ल सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थत थे। अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पण्डित रविशंकर शुक्ल का उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से राजधानी शहर रायपुर में जिलाधीश कार्यालय के सामने नगर निगम रायपुर के पण्डित रविशंकर शुक्ल उद्यान परिसर में स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष पुष्पांजलि आयोजन रखा गया। नगर निगम रायपुर के तत्वावधान में रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर प्रमुख रूप से नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं नवयुवकों, आमजनों ने प्रतिमा स्थल पर अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पण्डित रविशंकर शुक्ल का उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन किया।

### प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान पीएम जन मन के तहत

# सीएम साय ने 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहनों को दिखाई हरी झंडी

### प्रदेश के 18 जिलों के 2100 से अधिक गाँवों और बसाहटों तक पहुँचाई जाएंगी नियमित स्वास्थ्य सेवाएँ

**रायपुर, 1 दिसंबर।** दूरस्थ और घने वनांचल वाले आदिवासी क्षेत्रों में अब स्वास्थ्य सेवाएँ लोगों के दरवाज़े तक पहुँचेंगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान ÷पीएम जनमन÷ के तहत बुधवार को नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




मोबाइल मेडिकल यूनिटों के संचालन से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) तक नियमित स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। सरकार का मानना है कि दुर्गम अंचलों में रहने वाले समुदायों को अस्पताल तक पहुँचने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए यह व्यवस्था स्वास्थ्य सुविधाओं को सीधे उनके गाँवों व बसाहटों तक पहुँचाएगी। मोबाइल मेडिकल यूनिटों की तैनाती से प्रदेश के 18 जिलों के 2100 से अधिक गाँवों और बसाहटों तक नियमित स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जाएँगी। इससे दो लाख से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (क्क्ङ्क्षत्र) आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में रहने वाले परिवारों के लिए अब इलाज और जाँच की सुविधा गाँव में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने इस पहल को आदिवासी समुदायों की ÷सर्वांगीण भागीदारी और स्वास्थ्य सुरक्षा का ठोस आधार÷ बताया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव का दिन है। समाज में आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक प्रत्येक दृष्टिकोण से पिछड़े लोग विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग हैं। छत्तीसगढ़ में निवासरत 3 करोड़ की आबादी में विशेष पिछड़ी जनजाति के 2 लाख 30 हजार लोग 18 जिलों के 21 सौ बसाहटों में निवासरत हैं। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट उनके लिए वरदान साबित होगा। इन सर्वसुविधा-संपन्न 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से यह कार्य आसान होगा। इस यूनिट में डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्निशियन और स्थानीय वालंटियर उपस्थित होंगे। इस यूनिट में 25 तरह की जाँच सुविधाएँ तथा 106 तरह की दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री साय ने इस नवीन योजना के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के सहित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि विशेष पिछड़ी जाति के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रयासरत हैं। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट ऐसे सुदूर वनांचलों के लिए हैं जहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच कम है। आज 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट पूरे प्रदेश के लिए समर्पित कर रहे हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूर्ण करेगा। मंत्री जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने इस पुनीत कार्य में छत्तीसगढ़ को सहभागी बनकर योगदान देने का अवसर प्रदान किया।

स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर 2023 को विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए पीएम जनमन योजना की शुरुआत की। इसका उद्देश्य बुनियादी सुविधाओं को सीधे बसाहटों तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में मरीज को इन यूनिट के माध्यम से निकट स्वास्थ्य केंद्रों में पहुँचाना आसान होगा। हमारा उद्देश्य सिर्फ मशीनें ही नहीं, अपितु कुशल एवं संवेदनशील कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी है। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट में चिकित्सक, नर्स, लैब तकनीशियन, फार्मासिस्ट और स्थानीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक तैनात किए गए हैं। ये यूनिटें हर 15 दिन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगी, जिनमें 25 से अधिक प्रकार की जाँच और रोगों का उपचार किया जाएगा और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया जाएगा। गंभीर मरीजों को आवश्यकता अनुसार निकटतम स्वास्थ्य संस्थानों में भेजा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में संसाधनों की कमी के कारण दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ नियमित रूप से नहीं पहुँच पाती थीं। अब नए वाहन और प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता के साथ यह व्यवस्था लगातार संचालित की जा सकेगी। इस पहल से टीबी, मलेरिया, एनीमिया और कुपोषण जैसी समस्याओं की समय पर पहचान व रोकथाम में मदद मिलेगी।

### छग राज्य सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने कहा

## हादसे रोकने के लिए सभी विभाग केअधिकारी समन्वय से काम करें

रायपुर, 1 जनवरी। राज्य सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव श्री विकासशील ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के दिए निर्देश। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा है कि सुनिश्चित करे कि 108 एम्बुलेंस समय पर दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकरियों को इसकी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए है। दुर्घटना में घायल व्यक्ति के समुचित उपचार हेतु ट्रामा सेंटरों को सुदृढ़ किया जाए। सड़क सुरक्षा एवं स्वप्रेरणा से सुगम यातायात प्रबंधन कार्य हेतु अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के कलेक्टरों को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा सड़क सुरक्षा की लगातार मानिटरिंग करने और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करने के निर्देश दिए है। समीक्षा बैठक के प्रारंभ में सचिव परिवहन श्री एस. प्रकाश के प्रारंभिक विभागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। श्री संजय शर्मा अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) ने संबंधित विभागों द्वारा संपादित कार्यों तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने चिन्हाकित 152 ब्लैक स्पॉट्स में से 102 में सुधार कार्य पूर्ण होने और शेष 50 में सुधारात्मक उपाय शीघ्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।



## सियादेवी जलाशय बनेगा इको-टूरिज्म केन्द्र एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ



रायपुर, 1 जनवरी। मनोरम प्राकृतिक वादियों के बीच स्थित सियादेवी जलाशय को इको-टूरिज्म केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। सियादेवी जलाशय का नैसर्गिक सौंदर्य, शांत वातावरण और प्राकृतिक संरचना इसे पर्यटन की दृष्टि से मनोरम स्थल है। गुरूर विकासखंड के ग्राम नारागांव स्थित सियादेवी जलाशय में नवस्थापित एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर का शुभारंभ आज कलेक्टर श्रीमती दिव्या मिश्रा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में हुआ।

कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने फीता काटकर एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र न केवल जिले के पर्यटन मानचित्र पर एक नया आकर्षण बनेगा, बल्कि इससे स्थानीय ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। सियादेवी जलाशय क्षेत्र का विकास इको-टूरिज्म की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से इस पर्यटन स्थल की स्वच्छता, सुरक्षा एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही, क्षेत्रीय विकास एवं नहर मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किए जाने की बात कही। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि जिला प्रशासन एवं स्थानीय समुदाय के सहयोग से प्रारंभ किया गया यह एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभिनव पहल है।

# छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड के साथ नए साल की शुरुआत

### सरगुजा व दुर्ग में शीतलहर का अलर्ट, 3 दिनों तक गिरेगा पारा, अंबिकापुर में सबसे ज्यादा ठंड, 3.5 डिग्री पहुंचा पारा

**रायपुर,1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नए साल की शुरुआत कड़ाके की ठंड के साथ हुई है। मौसम विभाग ने नए साल की शुरुआत में अगले तीन दिनों के लिए शीतलहर की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक सरगुजा, दुर्ग और रायपुर संभाग के कुछ स्थानों पर शीतलहर की स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों को कड़ाके की सर्दी झेलनी पड़ रही है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा। अगले 3 दिनों तक पारा और गिरेगा।

### छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड

छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट आई है। सबसे ठंडा स्थान अंबिकापुर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पेंड्रा रोड में 6.0 डिग्री, बिलासपुर में 10.8 डिग्री, राजनांदगांव में 8.5 डिग्री और दुर्ग में 8.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। जगदलपुर में न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री और राजधानी रायपुर में 10.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### 3 दिनों तक गिरेगा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अभी लोगों को ठंड का कहर और झेलना पड़ेगा। अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंड का असर ज्यादा रहेगा। वहीं, सरगुजा और दुर्ग संभाग में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। रायपुर में आज कोहरा या धुंध रहने की संभावना जताई गई।

### सतर्क रहने की जरूरत

मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए सतर्क रहने और जरूरी उपाय अपनाने की सलाह दी है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को शीतलहर से विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने भी प्रदेशवासियों के लिए गाइडलाइन जारी की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई है कि शीतलहर के दौरान सिर्फ बहुत ज्यादा जरूरत होने पर ही यात्रा करें और बाहर निकलते समय पूरी तरह गर्म कपड़े पहनें।

### मौसम शुष्क रहने की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को सरगुजा और दुर्ग संभाग के एक-दो इलाकों में शीत लहर की स्थिति बनी रही। सर्द हवाओं के चलते लोगों को ठंड का अधिक एहसास हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक गुरुवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। किसी भी जिले के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। वहीं अगले दो दिनों के बाद भी प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है।


### न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202512094500015

विषयः-अ-74
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2025-2026

पटपर प.ह.न. 00017 [832/2(0.1090 हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदकपक्षकार- नारदराम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एत्द द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नारदराम पिता मोहनलाल जाति तेली उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पटपर, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक नारदराम एंव अन्य हिस्सेदार 1. बननीन बाई 2. दीनूबाई 3. गणेशिया 4. अगसिगा के नाम हक एवं स्वामित्व में कृषक ग्राम पटपर प.ह.नं. 17 तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि में खसरा न. 832/2 का 0.109हे, लगानी भूमि की ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2, कहीं गुम हो गया है, जिसको आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कहीं प्राप्त नहीं हुआ। आवेदक को ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण कृषि कार्य करने खाद, बीज, आदि लेने तथा अपनी कृषि उपज को विक्रय करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश कराना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 02.01.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि में पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

### न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202512094500014

विषयः-अ-74
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2025-2026

पिनकापार (प.ह.न. 00017),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार-नारदराम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नारदराम पिता मोहनलाल जाति तेली उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पटपर, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के नाम हक एवं स्वामित्व में कृषक ग्राम पिनकापार प.ह.नं. 17 तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि में कुल खसरा न. क्रमशः 606/1, 606/2, 606/3 का रकबा क्रमशः 0.307 हे. 0.432 हे. 0.329 हे. कुल खसरा नं. 03 का कुल रकबा 1.068 लगानी भूमि की ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2, कहीं गुम हो गया है, जिसको आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कहीं प्राप्त नहीं हुआ। आवेदक को ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण कृषि कार्य करने खाद, बीज, आदि लेने तथा अपनी कृषि उपज को विक्रय करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश कराना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 02.01.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकत है। निर्धारित समयावधि में पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार


### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्क्वायर बेलर मशीनों का किया लोकार्पण

# पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण में कमी और गौ संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा

**रायपुर, 1 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर से आधुनिक तकनीक से युक्त 02 स्क्वायर बेलर मशीनों का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मशीनों की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं उद्देश्य के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि स्क्वायर बेलर मशीन अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जो एक घंटे में लगभग डेढ़ एकड़ क्षेत्र में हार्वेस्टर से कटे हुए पैरा को चौकोर बंडल (बेल) के रूप में तैयार करती है। इन बंडलों का उपयोग आगे चलकर गौ-वंश के लिए चारे के रूप में किया जाएगा, जिससे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

यह भी जानकारी दी गई कि स्क्वायर बेलर मशीनों के उपयोग से खेतों में पैरा जलाने की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। इससे न केवल किसानों को अवशेष प्रबंधन में सुविधा मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण में कमी और गौ संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, चारे के सुव्यवस्थित संग्रहण और परिवहन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।





उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसान हित, गौ संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। स्क्वायर बेलर मशीन जैसी पहल से कृषि अवशेषों का सार्थक उपयोग होगा और किसानों को आर्थिक एवं पर्यावरणीय दोनों स्तरों पर लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मशीनों के नियमित, समुचित और प्रभावी उपयोग के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह, अशोक साहू, जिला पंचायत सभापति डॉ. बीरेन्द्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, समस्त पार्षद, जनप्रतिनिधि तथा पंचमुखी बूढ़ा महादेव सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

एक नजर

## समरेन्द्र शर्मा को पीएचडी



**रायपुर, 1 जनवरी।** शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई (छत्तीसगढ़) ने पत्रकार समरेन्द्र शर्मा को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने 'वेब सीरीज का समाज शास्त्र : एक अध्ययन (मिर्जापुर, आश्रम, पंचायत एवं पाताल लोक के संदर्भ में)' विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। समरेन्द्र शर्मा ने यह शोध कार्य डॉ. धनेश जोशी के निर्देशन में किया। अपने शोध में उन्होंने लोकप्रिय हिंदी वेब सीरीज को केवल मनोरंजन के माध्यम के रूप में नहीं, बल्कि समकालीन समाज की सत्ता संरचनाओं, सामाजिक यथार्थ और वैचारिक विमर्श के प्रभावशाली मंच के रूप में विश्लेषित किया है।

## मुफ्त योजनाओं से विकास कार्यों का बंटाधार, आहूजा ने पीएम को लिखा पत्र



**रायपुर, 1 जनवरी।** नहर पारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेषित पत्र में मुफ्त योजनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। राज्यों के बजट में मुफ्त योजनाओं की भरमार हो गई है। बजट की अस्सी प्रतिशत राशि मुफ्त योजनाओं तथा वेतन पर खर्च हो रही है। छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य में हर वर्ष 53000 करोड़ इन योजनाओं पर खर्च की जा रही है। विकासकार्यों के लिए पैसा नहीं बच रहा है। गत माह मप्र में राज्यों के मंत्रियों के सम्मेलन में मप्र के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि ऐसी स्थिति रही तो राज्यों में विकास कार्य थम जाएंगे। आहूजा ने कहा कि मुफ्त की योजनाओं को संचालित करने बैंकों से लोन लेना पड़ता है। फिर ब्याज पटाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ता है। आहूजा ने प्रधानमंत्री से निवेदन किया है कि ऐसा कुछ करें कि राज्यों में विकासकार्यों के लिए अधिक से अधिक धनराशि उपलब्ध हो सके। इससे जनता को राहत मिलेगी। इस वर्ष फसल बीमा से किसानों को दो लाख करोड़ मिले हैं। ऐसी योजना राज्यों के किवास के लिए बनाई जाए।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने वाणिज्यिक कर विभाग में पदोन्नति के आदेश जारी किए

**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन ने वाणिज्यिक कर विभाग में पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। राज्य सरकार ने राज्य कर अधिकारियों को पदोन्नत कर राज्य कर सहायक आयुक्त बनाया है, जबकि राज्य कर निरीक्षकों को राज्य कर अधिकारी के पद पर प्रमोशन दिया गया है। इस फैसले से विभागीय कार्यप्रणाली को मजबूती मिलने के साथ-साथ अधिकारियों का मनोबल भी बढ़ा है। पदोन्नति की सूची संबंधित विभाग को जारी कर दी गई है।

## 10वीं-12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा शुरू

**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं 1 जनवरी से शुरू होंगी। मंडल ने स्पष्ट कर दिया है कि बाह्य परीक्षकों की मौजूदगी में होने वाली इन परीक्षाओं में यदि कोई छात्र अनुपस्थित रहता है, तो उसे दोबारा परीक्षा देने का अवसर नहीं मिलेगा। माशिमं के अनुसार इस वर्ष बोर्ड की मुख्य परीक्षाएं 20 फरवरी से आयोजित की जाएंगी, जबकि प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए 1 से 20 जनवरी तक की समय-सीमा तय की गई है। हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य अपनी सुविधा के अनुसार तय अवधि में प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित करेंगे। मंडल ने पहले ही प्रायोगिक परीक्षा को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

# ट्रक की टक्कर से अधेड़ की मौत

## घटना से आक्रोशित मोहल्ले वालों ने किया थाने का घेराव




**रायपुर, 1 जनवरी।** राजधानी रायपुर के रिंग रोड स्थित गोंदवारा के पास ट्रक की टककर से एक अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के मोहल्ले गोगांव से बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पहुंचे। इसके बाद आक्रोशित परिजन और मोहल्लेवासियों ने थाने का घेराव कर आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना देकर थाने बुलाया था। मृतक स्थानीय निवासी होने के कारण बड़ी संख्या में परिचित और मोहल्लेवासी भी थाने पहुंचे। मृतक के साले रोहित बागड़े ने बताया कि उनके जीजा बुधवार देर शाम करीब 7 बजे काम से घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मारी और चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने मांग की है कि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए।

इस मामले में थाना प्रभारी भेखलाल चंद्राकर ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना को लेकर एफआईआर दर्ज की जा रही है। हादसे की जांच जारी है। पुलिस ने संबंधित ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल रहा, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर शांत कराया।

# केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री शेखावत ने मुख्यमंत्री साय से की सौजन्य भेंट



**रायपुर, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज नवा रायपुर, सेक्टर-24 स्थित मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित विषयों पर सौहार्दपूर्ण एवं रचनात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें राजकीय गमछा, बस्तर दशहरा पर आधारित कॉफी टेबल बुक तथा बेल मेटल से निर्मित स्मृति-चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नववर्ष की दी बधाई



**रायपुर, 1 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रदेशवासियों को नववर्ष पर बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि आने वाला नववर्ष उत्कर्ष का हो। छत्तीसगढ़ महतारी के आँचल में सुख- समृ?द्धि, विश्वास, सफलता, आरोग्य, सबको जीवन में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की शक्ति और आनंद के वास वाला हो। देव ने कहा कि हम सब मिलकर पवित्र जनादेश की भावनाओं को आत्मसात् करके एक नए छत्तीसगढ़ की रचना और उसे सँवारने के लिए संकल्पित हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण का जो नया सूर्योदय हुआ है, उसके आलोक में अब एक नया छत्तीसगढ़ आकार लेने जा रहा है। नक्सलवाद के जड़ से सफाए के संकल्प की सिद्धि और 'महतारी गौरव वर्ष' में महिलाओं का सर्वतोमुखी सशक्तीकरण प्रदेश में एक नया प्रतिमान गढ़ने जा रहा है। देव ने कहा कि सन् 2026 में प्रदेश की सरकार विश्वास के नए आलोक में छत्तीसगढ़ को सँवारने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सब नए साल की बेला पर इसी संकल्प से जुड़ें।

### खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स : साव ने मशाल गौरव यात्रा को दिखाई हरी झंडी

# देशभर के जनजातीय खिलाड़ी 7 खेलों में दिखाएंगे प्रतिभा



**रायपुर. 1 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स के प्रचार-प्रसार के लिए मशाल गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रचार-प्रसार के लिए यह वाहन राज्य के सभी जिलों में जाएगी। आयोजन के शुभंकर मोरवीर, थीम-सांग और मशाल के साथ प्रदेशभर में घूम-घूमकर यह लोगों को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की जानकारी देगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय से मशाल गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव का विषय है कि देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ को मिली है। उन्होंने इसके लिए भारत सरकार तथा केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अगले माह फरवरी में होने वाले इस आयोजन के बारे में लोगों को जानकारी देने आज मशाल गौरव यात्रा को रवाना किया गया है। खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। इनमें हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, तैराकी, कुश्ती, एथलेटिक्स और वेट-लिफ्टिंग शामिल हैं। इन खेलों में छत्तीसगढ़ की ओर से भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए आगामी 7 जनवरी और 8 जनवरी को ट्रायल का आयोजन किया गया है।

# डी.एड अभ्यर्थियों के आमरण अनशन को कांग्रेस का समर्थन



**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार की तानाशाही और दोहरे मापदंड की नीतियों के खिलाफ डी.एड अभ्यर्थियों का संघर्ष लगातार जारी है। प्राथमिक शिक्षक भर्ती में हजारों पद रिक्त पड़े हैं, जबकि लगभग 2300 पात्र डी.एड अभ्यर्थी जो वेटिंग लिस्ट में शामिल हैं और कोई नई भर्ती की मांग नहीं कर रहे। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद नियुक्ति से वंचित हैं। ये अभ्यर्थी न्याय की लड़ाई लड़ते हुए सुप्रीम कोर्ट से जीत हासिल कर चुके हैं, फिर भी सरकार उदासीनता दिखा रही है। यदि बी.एड अभ्यर्थियों को समायोजन के नाम पर अवसर दिया जा सकता है, तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप पात्र डी.एड अभ्यर्थियों को उसी तर्क से नियुक्ति क्यों नहीं दी जा रही? यह स्पष्ट भेदभाव और अन्याय है, जिसे छत्तीसगढ़ कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

भीषण कड़ाके की ठंड और भारी सर्दी के बावजूद नया साल का जश्न छोड़कर रायपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमार शंकर मेनन, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे तथा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा अपने साथियों के साथ नवा रायपुर स्थित तूता आमरण अनशन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अभ्यर्थियों का दर्द गहराई से समझा, उनका मनोबल बढ़ाया और रात भर अनशन में उनके साथ रहने का ऐलान किया। कुमार शंकर मेनन और राजेंद्र पप्पू बंजारे ने नए साल की सभी पार्टियां एवं उत्सव त्यागकर अभ्यर्थियों के साथ पूरी रात अनशन स्थल पर बिताई। यह कांग्रेस पार्टी की उस अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है, जो हमेशा जनता के हक और न्याय की लड़ाई में सबसे आगे खड़ी रही है।

# नाम बदलने से नहीं दृढ़ इच्छा शक्ति से खत्म होगा अपराध : कन्हैया

**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने रायपुर पुलिस विभाग में कमिश्नर प्रणाली लागू किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि पदनाम बदलने से पहले अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ सरंक्षण पर रोक की जरूरत है।

प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ जहां अपराधियों का गढ़ बन गया है वहीं राजधानी रायपुर अपराधियों की शरण स्थली और मुख्यालय हो गई है। राजधानी में अवैध शराब, गांजा, सट्टा, जुआ के साथ अफीम चरस का कारोबार गली-गली में फैलने के साथ ही अब तो हेरोइन और अन्य मादक पदार्थ भी सामान्य रूप से मिलने लगे हैं। नशे के धंधे में कब्जे की होड़, सट्टा खिलाने के लिए एरिया में कब्जे की होड़ ने अपराध के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। एक दिन भी ऐसा नहीं गुजर रहा है जिस दिन शहर के अंदर चाकूबाजी, लूट, डकैती, हत्या, बलात्कार जैसी वारदात नहीं हो रही हो।

छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों खास तौर पर राजधानी रायपुर में बढ़ते अपराध पर रोक लगाने के लिए प्रदेश के मुखिया ने पुलिस में कमिश्नर प्रणाली लागू करने रायपुर से शुरुआत करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री केवल पद नाम बदलकर या बड़े अफसर को बैठाकर अपराध पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता। अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ संरक्षण देना बंद करने की जरूरत है। अपराध और अपराधियों को मिलने वाला संरक्षण जब तक बंद नहीं होगा तब तक किसी भी प्रणाली से राज्य में कानून व्यवस्था बहाल नहीं हो पाएगी।

प्रदेश में उड़ीसा की कमिश्नर प्रणाली लागू किए जाने की चर्चा है जबकि महाराष्ट्र की कमिश्नर प्रणाली को बेहद कारगर माना जाता है मुख्यमंत्री को इस संदर्भ में विचार करके प्रदेश के लिए देश की सर्वश्रेष्ठ कमिश्नर प्रणाली को लागू करना चाहिए। अवैध धंधा करने वालों के साथ कमीशन और हिस्सेदारी का जब तक खात्मा नहीं होगा तब तक कोई प्रणाली कारगर साबित नहीं होगी।

## ऑटो एक्सपो में रोड टैक्स पर छूट का राडा ने किया स्वागत

**रायपुर, 1 जनवरी।** राडा ने राडा ऑटो एक्सपो-2026 के दौरान वाहनों पर रोड टैक्स (आरटीओ टैक्स) में 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। राडा ने इस निर्णय को ऑटोमोबाइल उद्योग एवं आम उपभोक्ताओं–दोनों के लिए ऐतिहासिक और अत्यंत लाभकारी बताया है। इसी क्रम में राडा ने अपने बहुप्रतीक्षित 9वें राडा ऑटो एक्सपो-2026 के आयोजन की आधिकारिक घोषणा की है, जो 20 जनवरी से 5 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा, हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप के हृदय से आभारी हैं। राडा ऑटो एक्सपो के दौरान रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की यह छूट न केवल ऑटोमोबाइल सेक्टर को नई गति देगी, बल्कि आम नागरिकों के लिए वाहन खरीदना भी और अधिक सुगम बनाएगी।

एलुमनी मीट | पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के 50 से अधिक पूर्व छात्र शामिल हुए कार्यक्रम में

# नेत्र विशेषज्ञों ने पुरानी यादें की ताजा



**रायपुर, 1 जनवरी।** पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर के नेत्र विभाग के पूर्व छात्रों ने अपनी पहली एलुमनी मीट आयोजित की जिसमें 50 से अधिक नेत्र विशेषज्ञ शामिल हुए, जो रायपुर से नेत्र विज्ञान की पढ़ाई कर नेत्र विशेषज्ञ बने और आज देश विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं.इनमें पहले बैच के डॉओ पी बिल्लौरे शामिल हैं. एलुमनी मीट में अनेक पुराने छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा पुरानी यादें ताजा की। इस कार्यक्रम में आई डिपार्टमेंट के टीचर्स एवं वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. पीके मुखर्जी, डॉ सुषमा वर्मा डॉ ए के चंद्राकर, डॉ एस एल आदिले डॉ एम एल गर्ग, वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ. निधि पांडे, डॉ ओ पी बिल्लौरे का सम्मान किया गया।

रायपुर मेडिकल कॉलेज की स्थापना सन 1963 में हुई थी . मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग के पहले विभागाध्यक्ष डॉ. डी एस भटनागर थे उसके बाद डॉ एस सी जैन, डॉ आर के सक्सेना, डॉ आई एम शुक्ल, डॉ पी के मुखर्जी डॉक्टर एस एल आदिले, डॉ ए के चंद्राकर, डॉ एम एल गर्ग रहे जिनके कार्यकाल में नेत्र विभाग ने काफी विकास किया. वर्तमान में नेत्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ निधि पांडे हैं

मेडिकल कॉलेज रायपुर के नेत्र विभाग के छात्र न केवल रायपुर बल्कि देश-विदेश में भी कार्य कर रहे हैं जिनमें से डॉ ओ पी बिल्लौरे साहब इस अवसर पर रायपुर आए थे जो रोटरी आई इंस्टीट्यूट नवसारी के निदेशक रहे और वर्तमान में इंदौर में है. कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ मनीष श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया डॉ.निधि पांडे ने महाविद्यालय के नेत्र विभाग के इतिहास के संबंध में पूरी जानकारी दी, बिलासपुर से आए डॉ मदन देशपांडे ने वरिष्ठ गुरुजनों का सम्मान किया डॉ. पी.के. मुखर्जी डॉ. एस एल आदिले डॉ. ए के चंद्राकर ने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन डॉ अरशद सिद्दीकी एवं आभार प्रदर्शन डॉ दिनेश मिश्र ने किया. कार्यक्रम में डॉ सार्वा, डॉ आनंद देशपांडे, डॉ उमेश तिवारी डॉ चौबे, डॉ डेंबरा, डॉ एल सी मढ़रिया, डॉ प्रदीप जैन, डॉ कीर्ति भाटिया, भाटिया डॉ बी पी शर्मा, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, , डॉ एस के शुक्ला डॉ कोसरिया, डॉ खालसा, डॉ ललित शुक्ला, डॉ अशोक जैन, डॉ अशोक चांडक, डॉ रश्मि शुक्ला, डॉ ममता दानी, डॉ प्रीति गुप्ता, डॉ संतोष पटेल डॉ दिलीप लालवानी, रुचिर भटनागर, डॉ आडवाणी सहित अनेक नेत्र विशेषज्ञ उपस्थित रहे.

# नए वर्ष पर स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित



**रायपुर, 1 जनवरी।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा नववर्ष की शुरुआत कुशालपुर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं शीतला पारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में आने वाले 50 से ज्यादा बच्चों को ड्राइंग बुक, वेक्स कलर पेन आदि देकर उन्हें खुशी प्रदान की। इस अवसर पर हृषीक ओझा ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को मिठाई और फल भी वितरित किए। इसके अतिरिक्त दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों को पढ़ाने और मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के चार्ट, सांप-सीढ़ी, ब्लॉक आदि भी दिए गए। फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा ने बताया कि यह कार्यक्रम डॉ. मृणालिका ओझा, वीरेंद्र आडिल, सुभाषिनी जतीन्दर भनोट, जी. पी. अखिलेश, किअंश, पार्थ, रोशन बहादुर, मेहुल पटेल, जयंत जोशी, सरिता दीक्षित, नजमा खान आदि के सहयोग एवं उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26